वर्ष 23, अंक 276, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 30 अक्टूबर 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्षों तक सरदार पटेल को भुलाने का प्रयास किया गया

ये विकसित भारत का संकल्प है - अमित शाह

नई दिल्ली

इस बार 31 अक्टूबर को दिवाली का त्यौहार है। इसलिए 31 अक्टूबर की बजाय आज 29 अक्टूबर को धनतेरस के पावन अवसर पर एकता दौड़ आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। 31 अक्टूबर 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की एकता और अखंडता के लिए महान सरदार पटेल की स्मृति में एकता दौड़ आयोजित करने का निर्णय लिया था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि एकता दौड़ न केवल भारत की एकता के लिए एक संकल्प है, बल्कि यह 'विकसित भारत' का भी संकल्प बन गया है। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'एकता दौड़' कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महान सरदार पटेल की याद में एकता दौड़ आयोजित करने का फैसला किया।

अमित शाह ने कहा, "इस बार 31 अक्टूबर को दिवाली का त्यौहार है। इसलिए 31 अक्टूबर की बजाय आज 29 अक्टूबर को धनतेरस के पावन अवसर पर एकता दौड़ आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। 31 अक्टूबर 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की एकता और अखंडता के लिए महान सरदार पटेल की स्मृति में एकता दौड़ आयोजित करने का निर्णय लिया था।

आज जब हम सभी एकता दिवस पर एकता दौड़ के लिए यहां एकत्र हुए हैं, तो यह एकता दौड़ सिर्फ भारत की एकता का संकल्प नहीं है, अब एकता दौड़ विकसित भारत का संकल्प भी बन गई है।"

उन्होंने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्षों तक सरदार पटेल को भुलाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा, "वर्षों तक उन्हें भारत रत्न के सम्मान से वंचित रखा गया। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करके सरदार पटेल की स्मृति को जीवित रखने का काम किया है।" इस कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी उपस्थित थे।

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होने वाली 'रन फॉर यूनिटी' इस बार 29 अक्टूबर को आयोजित की जा रही है। इस बार दीपावली के उपलक्ष्य में 'रन फॉर यूनिटी' आज आयोजित की जा रही है।

दिवाली से पहले खराब हुई दिल्ली की हवा, बहुत खराब पर पहुंची वायु गुणवत्ता

नई दिल्ली

दिल्ली के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 7 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 से अधिक दर्ज किया गया। आनंद विहार में सुबह 7:00 बजे अदक317 पर पहुंच गया, जबकि आया नगर में अदक312 दर्ज किया गया, जो दोनों ही 'बहुत खराब' श्रेणी में आते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को एक बार फिर से धुंध की पतली परत छाई रही है। आसमान में धुंध होने से साफ है कि दिल्ली की हवा का स्तर काफी खराब हो रहा है। दिल्ली के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता का स्तर काफी खराब बताया गया है।

दिल्ली के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सुबह 7 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 से अधिक दर्ज किया गया। आनंद विहार में सुबह 7:00 बजे अदक317 पर पहुंच गया, जबकि आया नगर में अदक312 दर्ज किया गया, जो दोनों ही 'बहुत खराब' श्रेणी में आते हैं। जहांगीरपुरी में भी अदक308 रहा। इसके विपरीत, चांदनी चौक में हवा की गुणवत्ता बेहतर रही, जो 191 दर्ज की गई, जिसे 'मध्यम' माना जाता है।

इस बीच, दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने सोमवार को बताया कि पंजाब में पराली जलाने की 108 घटनाएं दर्ज की गईं। उन्होंने वायु प्रदूषण की चिंताओं को लेकर कपूरथला हाउस में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री से मिलने की मांग की, लेकिन वे उनसे नहीं मिल पाए। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अकेले पंजाब में 26 अक्टूबर को पराली जलाने के 108 मामले सामने आए, फिर भी दिल्ली सरकार के मंत्री अक्सर पड़ोसी राज्यों हरियाणा और उत्तर प्रदेश पर दोष मढ़ते हैं। सचदेवा ने कहा, "दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति खराब होती जा रही है, जिसे अब दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी माना जाता है। यह जानने के बाद कि पंजाब के मुख्यमंत्री आज यहां मौजूद हैं, हमने एक बैठक का अनुरोध किया। आप का नेतृत्व लगातार पंजाब सरकार को बचाने का प्रयास कर रहा है।

शिवसेना ने जारी की तीसरी सूची, दो पूर्व भाजपा नेताओं के भी नाम

मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को 15 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची जारी की।

इन 15 सीटों में से पार्टी ने हातकणंगले को जन सुराज्य पक्ष और शिरोल को राजश्री शाहूविका अघाड़ी के लिए छोड़ दिया है।

शिवसेना ने तीनों सूची मिलाकर अब तक 78 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है और दो अपने सहयोगियों के लिए जारी की है। मंगलवार को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है और वह अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर सकती है।

शिवसेना ने कन्नड़ निर्वाचन क्षेत्र से संजना जाधव को मैदान में उतारा है, जो एक वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे की बेटी हैं। जाधव रविवार को मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में शामिल हुईं। इस मौके पर उनके पिता भी मौजूद थे।

शिवसेना ने मुंबादेवी निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व भाजपा नेता और प्रवक्ता शाइना एनसी को कांग्रेस उम्मीदवार अमीन पटेल के खिलाफ मैदान में उतारा है।

दिल्ली में कांग्रेस की न्याय यात्रा का उद्देश्य दिल्ली वासियों को अन्याय से मुक्ति दिलाना : आलोक

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी दिल्ली चुनाव से पहले राज्य में न्याय यात्रा शुरू करने जा रही है। पार्टी यह यात्रा आठ नवंबर से शुरू कर रही है। यह यात्रा आठ नवंबर से शुरू होकर चार दिसंबर तक चलेगी। इस पर कांग्रेस सचिव आलोक शर्मा ने प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ह्लमुझे लगता है कि न्याय का मतलब बहुत सरल है, जिन लोगों के साथ वर्षों से अन्याय हो रहा था, उससे उन्हें कैसे मुक्ति मिले। जिसे केजरीवाल की सरकार और मोदी की सरकार ने जो किया उससे कैसे निजात पाई जाए। आज दिल्ली प्रदूषण में नंबर वन है। कानून व्यवस्था से जुड़े अपराध में नंबर वन है। बेरोजगारी में नंबर वन है। महंगाई इस तरह से बढ़ रही है, जिस तरह से सारी समस्याएं हैं, पता ही नहीं चलता कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है। कांग्रेस पार्टी दिल्ली को न्याय दिलाने के लिए न्याय यात्रा निकाल रही है। हम दिल्ली की जनता की आवाज भी सुनेंगे और अपने पिता की आवाज को लोगों के सामने रखेंगे।

साथ ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा दिल्ली में 25 सीटों पर ध्यान केंद्रित करने की बात पर उन्होंने कहा, "नहीं, ऐसा नहीं है, ये सिर्फ मीडिया की खबरें हैं, सभी 70 सीटों पर ध्यान केंद्रित है और लड़ाई है।"

असम उपचुनाव में भाजपा नीत गठबंधन सभी पांचों सीटें जीतेगा: सबार्नंद सोनोवाल

गुवाहाटी। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि भाजपा नीत गठबंधन असम में सभी पांच सीटों पर जीत हासिल करेगा। सभी पांचों सीटों पर अगले महीने उपचुनाव होने जा रहे हैं।

सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, "भाजपा के सत्ता में आने के बाद डबल इंजन सरकार ने राज्य में जबरदस्त विकास किया है। आम जनता ने पिछले कुछ वर्षों में सत्तारूढ़ सरकार की विकास पहलों को देखा है और इस विकास की राजनीति के कारण असम का परिदृश्य बदल गया है।"

केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सत्ता में रहने के दौरान कई बार लोगों के जीवन में बदलाव लाने में विफल रही और मतदाता इस तथ्य को समझ चुके हैं।

उन्होंने कहा, "लोगों ने देखा है कि केवल भाजपा ही किसी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास करने में सक्षम है। मतदाता राज्य में हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाली सरकार के प्रदर्शन से बहुत खुश हैं। मुझे उम्मीद है कि हम उन सभी पांच सीटों पर जीत हासिल करेंगे ।

सेना के काफिले पर हमले के बाद मंदिर में जाकर छिप गए थे दहशतगर्द, खौफ में वहां काटी रात

अखनूर

अखनूर में सेना के एंबुलेंस पर हमले के बाद मंगलवार सुबह तक सर्च ऑपरेशन चला. सेना के जवानों ने तीनों आतंकवादियों को ढेर कर दिया. इसमें से एक आतंकी की सोमवार शाम ही मौत हो गई थी. इसके बाद उसके दो साथी फरार होकर कहीं छिप गए थे. सूत्रों ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान सेना को पता चला कि दोनों फरार आतंकी मंदिर में छिपे हैं. बताया गया है कि अपने साथी की मौत के बाद दो आतंकियों ने पूरी रात मंदिर के



साथ लगे एक बेसमेंट में काटी. मंगलवार सुबह उस बेसमेंट में सुरक्षा बलों ने इंटरवेंशन किया. बेसमेंट में ग्रेनेड फेंके गए और फायरिंग की गई. बेसमेंट में हुए इंटरवेंशन से घबराकर आतंकी बाहर आ गए. बाहर आते ही दोनों को सुरक्षा बलों ने ढेर कर दिया. आतंकियों से भारतीय सेना का यह एनकाउंटर कई मायनों में खास रहा. दरअसल, दहशतगर्दों के सफाए के लिए से सेना ने बीएमपी 2 टैंक (इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल) को मुठभेड़ वाली जगह पर उतारा. इसके साथ ही पैरा कमांडो को भी तैनात किया गया था. जम्मू के अखनूर में सोमवार की सुबह करीब 7 बजे भट्टल इलाके में तीन आतंकियों ने सेना के वाहन पर कई राउंड फायरिंग की. जिसके बाग सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके को घेर कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया था. भारतीय सेना की मानें तो खौर के भट्टल क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास जोगवान गांव में अस्सन मंदिर के पास हमले के स्थल पर निगरानी और घेराबंदी को मजबूत करने के लिए चार बीएमपी -द्वितीय इन्फैंट्री कॉम्बैट वाहन का इस्तेमाल भी किया गया।

50 से ज्यादा लोग अस्पताल के बिस्तर पर पड़े **एक स्टॉल ने बजा दी पूरी बस्ती की बैंड**

मोमोज का आंतक! एक महिला की ले ली जान

हैदराबाद

हैदराबाद के बंजारा हिल्स में सड़क किनारे एक स्टॉल से मोमोज खाने के बाद 50 लोग बीमार पड़ गए। इसके अलावा कथित तौर पर मोमोज खाने के बाद 31 वर्षीय एक महिला की पर मौत हो गई। पुलिस रिपोर्ट से पता चलता है कि सभी दस पीड़ितों ने एक ही विक्रेता द्वारा तैयार किए गए मोमोज खाए।

हैदराबाद के बंजारा हिल्स में सड़क किनारे एक स्टॉल से मोमोज खाने के बाद 50 लोग बीमार पड़ गए। इसके अलावा कथित तौर पर मोमोज खाने के बाद 31 वर्षीय एक महिला की पर मौत हो गई। पुलिस रिपोर्ट से पता चलता है कि सभी दस पीड़ितों ने एक ही विक्रेता द्वारा तैयार किए गए मोमोज खाए।

पुलिस के अनुसार, महिला और अन्य लोगों ने 'दिल्ली मोमोज' नामक फूड स्टॉल से मोमोज खाए थे। चिंतल बस्ती में स्थित यह स्टॉल करीब तीन महीने पहले बिहार से आए छह लोगों ने लगाया था। पुलिस ने बताया कि स्टॉल चलाने वालों को हिरासत में ले लिया गया है।

पिछले सप्ताह हैदराबाद के बंजारा हिल्स में सड़क किनारे एक स्टॉल पर मोमोज खाने से एक महिला की मौत हो गई। उसकी दो नाबालिग बेटियों के साथ बस्ती के कम से कम 50 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला की सोमवार को मौत हो गई, जबकि अन्य का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, रेशमा बेगम (31) और उसकी 12 और 14 साल की बेटियों ने 25 अक्टूबर को एक रेहड़ी वाले से मोमोज खाए थे। इसके तुरंत बाद,तीनों में गंभीर फूड पॉइजनिंग के लक्षण दिखने लगे - उल्टी, दस्त और पेट में दर्द।

लखनऊ के कई बड़े होटलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

लखनऊ : दोषी अफसरों को बचाने वाले जांच अधिकारियों पर होगी सख्त कार्रवाईविमानों में बम की धमकियों पर भारत ने सोशल मीडिया कंपनियों को चेताया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में लगातार दूसरे दिन सोमवार को बम की धमकी मिली। हजरतगंज थाना क्षेत्र में रेनेसां होटल, ताज होटल और सिलवेट होटल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई।



जानकारी के मुताबिक, सोमवार को धमकी भरा एक ईमेल भेजा गया। इसमें लखनऊ के कई नामी होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस हरकत में आई। पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम जांच के लिए होटल पहुंची और डॉग स्क्वॉड की मदद से तलाशी ली। हालांकि, इस दौरान उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

220 विधानसभा सीटों का लक्ष्य लेकर बिहार विधानसभा चुनाव में उतरेगी एनडीए : राजेश वर्मा

पटना। बिहार की चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए इंडी एलायंस और एनडीए के प्रत्याशी मैदान में हैं।

13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और 23 नवंबर को परिणाम घोषित होंगे। एनडीए और इंडी एलायंस के लिए यह चारों सीट जीतना नाक की लड़ाई बन गई है। क्योंकि, साल 2025 में बिहार में विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में इस उपचुनाव को सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, एनडीए का दावा है कि वह सभी चारों सीट पर जीत हासिल करेगी। वहीं, इंडी एलायंस का दावा है कि जनता बदलाव चाहती है और साल 2025 में बिहार में इंडी एलायंस की सरकार बनेगी। जिसकी शुरूआत इस उपचुनाव में जीत के साथ होगी।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सोमवार को बिहार में एनडीए में शामिल राजनीतिक दलों की एक बैठक बुलाई गई। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में लोजपा(रामविलास) से सांसद राजेश वर्मा ने आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर एनडीए की बैठक हुई है।

वीरकावु मंदिर के पास आतिशबाजी दुर्घटना में 150 से अधिक लोग घायल

8 की हालत गंभीर

केरल

केरल के कासरगोड में नीलेश्वरम के पास एक मंदिर उत्सव के दौरान आतिशबाजी चलाने के दौरान बड़ी दुर्घटना हो गई है। इस घटना में 150 से अधिक लोग घायल हुए है। इन घायलों में आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सामाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से ये जानकारी दी है।

सोमवार देर रात केरल के कासरगोड में नीलेश्वरम के पास एक मंदिर उत्सव के दौरान आतिशबाजी चलाने के दौरान बड़ी दुर्घटना हो गई है। इस घटना में 150 से अधिक लोग घायल हुए है। इन घायलों में आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है। सामाचार एजेंसी पीटीआई ने पुलिस के हवाले से ये जानकारी दी है।

घायलों को कासरगोड, कन्नूर और मंगलुरु के विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है, जहां उन्हें इलाज मुहैया करवाया जा रहा है। माना जा रहा है कि यह दुर्घटना तब हुई जब वीरकावु मंदिर के पास एक पटाखा भंडारण सुविधा में आग लग गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना आधी रात के आसपास हुई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद कलेक्टर और जिला पुलिस प्रमुख सहित जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

घटना स्थल का मुआयना करने के बाद अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। वहीं स्थानीय समुदाय पीड़ितों और उनके परिवारों की सहायता के लिए एकजुट हो रहे हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि कन्हानगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती पांच लोगों की हालत बहुत गंभीर है। मातृभूमि ने बताया कि 33 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें बताया गया है कि 19 लोगों को ऐशल अस्पताल, कन्हानगढ़ में भर्ती कराया गया है, जबकि 12 को अरिमाला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चालीस लोगों को संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि 11 अन्य को नीलेश्वर तालुक अस्पताल और पांच को कन्नूर के एस्टर एमआईएमएस अस्पताल में ले जाया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार, कई घायलों को भी मंगलुरु के अस्पतालों और कन्नूर के परियारम में सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मातृभूमि के अनुसार, जिसमें प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, यह घटना केरल के कासरगोड जिले के नीलेश्वर में

मूलमकुझी चामुंडी थेय्यम उत्सव के दौरान आतिशबाजी के दौरान हुई, जब एक पटाखा विस्फोटक भंडारित एक इमारत में जा गिरा। परिणामस्वरूप हुए विस्फोट से बड़ी आग लग गई, जिससे कई लोग घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, जो थेय्यम प्रदर्शन देखने के लिए पास में एकत्र हुए थे।

राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन में उत्कृष्ट योगदान ही हमारी प्राथमिकता : डा बबलू सोनकर

सीएचसी मेजा में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन के तहत अधीक्षक सहित अस्पताल के आठ कर्मियों ने आठ क्षय रोगियों को लिया गोद,सौंपी गई पौष्टिक आहार की पोटली

अखंड भारत संदेश

मेजा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा में अतिमहत्वाकांक्षी कार्यक्रम राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन के अन्तर्गत क्षय रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। साथ ही संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य -3 के तहत भारत के वर्ष 2025 तक क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को देखते हुए कार्यक्रम में अधीक्षक ने क्षय रोग उन्मूलन में अपना उत्कृष्ट योगदान देने का भी निश्चय किया ताकि टी०बी० हारेगा देश जीतेगा की अवधारणा को साकार किया जा सके। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सीएचसी मेजा में आयोजित इस कार्यक्रम में अस्पताल के अधीक्षक डॉ बबलू सोनकर ने मेजा के नंदलाल को गोद लिया। वहीं चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश सोनकर ने मेजा की कलावती और डॉ शाश्वत सिंह ने नेवढ़िया की रीमा को गोद लिया। जबकि अस्पताल के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अंजू राय, एसटीएलएस शैलेंद्र प्रताप, बीपीएम सुमन कुशवाहा, फार्मासिस्ट कमलेश मिश्र और एसटीएस बृजेश यादव ने भी एक - एक क्षय रोगी को गोद लिया। इस दौरान सभी के द्वारा कुल 8 क्षय रोगियों को पोषण पोटली मुहैया करायी गयी ताकि उनके उपचार एवं समुचित देखभाल के साथ - साथ पौष्टिक आहार की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा सके। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के अधीक्षक डा बबलू सोनकर ने कहा कि गोद लिए गए सभी क्षय रोगियों का जब तक इलाज चलेगा पूरी तन्मयता के साथ देखरेख की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षय रोग उन्मूलन में उत्कृष्ट योगदान ही हमारी प्राथमिकता है।

पानी भर रही वृद्धा गोवंश के हमले में गंभीर घायल, मौत

सहसों। थरवई थाना क्षेत्र के कांदी गांव निवासी राम सखी (66) पत्नी स्वर्गीय राम सुचित सिंह सोमवार को सायंकाल दरवाजे पर पानी भर रही थी। उसी समय एक आवारा गाय पहुंची और उनके ऊपर अचानक प्राण घातक हमला कर दिया। वृद्धा पर गार का हमला करते देख घर के लोग डंडा लेकर दौड़े परंतु तब तक गाय वहां से भाग खड़ी हुई। वृद्धा गंभीर हालत में जमीन में पड़ी हुई थी। परिजनों ने उन्हें लेकर तत्काल स्थानीय डॉक्टर के पास पहुंचे जहां पर जांच पड़ताल करने के उपरांत उनको मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी मिलने पर थरवई पुलिस मौके पर पहुंची और उचित लिखा पढ़ी करते हुए परिजनों के कहने पर पंचनामा भरकर शव को उन्हें सौंप दिया। वृद्धा का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। बेटे हरिश्चंद्र सिंह सहित अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

न्यूज झरोखा

एसजीटी पब्लिक स्कूल में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

मेजा। मेजा के मेंड़रा स्थित एसजीटी पब्लिक स्कूल में धनतेरस पर्व के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बालक व बालिका वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाल मन की कोमल कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से बच्चों ने कलाकृतियों में अभिव्यक्त करने का सफल प्रयास किया। प्रतियोगिता में बालक व बालिका दोनों में हिमालय सदन पहले स्थान पर रहा। जबकि विंध्याचल सदन दूसरे तथा अरावली सदन तीसरे स्थान पर रहा। निर्णायक की भूमिका में शिवानी व प्रियांशी थीं।इससे पहले बच्चों ने दीपावली पर्व पर भाषण दिया, जिसमें काजू व शिवम अव्वल रहे। प्रिंसिपल पवन तिवारी ने सफल आयोजन के लिए बच्चों को शुभकामनाएं दी।

मऊआइमा बाजार में धनतेरस पर इस बार नही देखने को मिली भीड़

मऊआइमा। मऊआइमा क्षेत्र में इस बार धनतेरस पर धनों की वर्षा बहुत कम हुई। दुकानदारों ने बताया कि हर वर्षों भांति इस वर्ष इलेक्ट्रॉनिक सामानों की बिक्री बहुत कम रही। मूर्ति,बर्तनों की दुकानों पर भीड़ अलबत्ता जुटी हुई थी।इस बार फिर लोग चीनी झालरों की खरीदारी करने में लगे रहे। जहां तक सोना चांदी की खरीदारी की बात है वह भी न के बराबर रही। दुकानदारों में मायूस रहे।

वैभव विनय शुक्ला यूजीसी नेट परीक्षा में जेआरएफ बने



जंघई। वैभव शुक्ला पुत्र नीलम एवं विनय शुक्ला ने यूजीसी नेट की परीक्षा जून 2024 में दिया था जिसका परीक्षा परिणाम घोषित होने पर वैभव शुक्ला ने जेआरएफ बने हैं। वैभव शुक्ला पढ़ाई लिखाई में में शुरू से दक्ष एवं निपुण थे इनकी पढ़ाई लिखाई मुंबई एवं वाराणसी में हुई है। पंडित रमाकांत शुक्ल महाविद्यालय शुकुलपुर गिर्दकोट धनुपुर के संरक्षक पूर्व प्रधानाचार्य हृदय नारायण शुक्ल एवं पूर्व प्रधान शुकुलपुर सुरेश शुक्ल के नाती एवं प्रबंधक देवेंद्र कुमार शुक्ल, सभापति शुक्ल, योगेश शुक्ल, अमरेश शुक्ल, राघवेंद्र शुक्ल ने अपने भांजे कोदहों, बादशाहपुर निवासी वैभव शुक्ला की उपलब्धि पर बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किया है और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना किया है।

मालगाड़ी में फिर लगी आग, हड़कंप मचा, मांडा के न्यू ऊँचडीह स्टेशन के समीप की घटना, फायर कर्मियों ने बुझाई आग

मांडा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से कोयला लेकर दिल्ली वाया हावड़ा रेलमार्ग के रास्ते मेजा ऊर्जा निगम को जा रही मालगाडी के वेगन में फिर आग लग गई। इससे हड़कंप मच गया। हालांकि समयानुसार पहुचे फायर कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। इससे बड़ा हादसा टल गया। गौरतलब हो कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन से कोयला लेकर दिल्ली वाया हावड़ा रेलमार्ग के रास्ते चलकर मेजा ऊर्जा निगम को निकली मालगाड़ी में मंगलवार की सुबह 10:55 बजे अचानक रहस्यमय दशा में वैगन में आग लग गई। धुएं का गुबार देख रेल कर्मचारियों सहित लोगों में अफरा तफरी मच गई। मालगाड़ी को डीएससी लाइन पर न्यू ऊँचडीह स्टेशन रोका गया। इसके बाद सूचना पर पहुचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। इसके बाद 11:30 बजे मालगाड़ी को मेजा ऊर्जा निगम के लिए रवाना कराया गया। हालांकि आग का कारण समचार लिखे जाने तक साफ नहीं हो सका था। बतादें की तीन दिनों ओरव भी कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के वैगन में आग लग गई थी।

शिक्षा के साथ साथ हमारी दिनचर्या के लिए खेलकूद है बेहद अहम : दुर्गा प्रसाद

एमएल पब्लिक स्कूल बगहा चौकी में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

मेजा। सिरसा क्षेत्र के बगहा चौकी गांव में स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में संचालित पांच दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन क्रिकेट और वालीबाल का फाइनल मैच खेला गया जिसमें क्रिकेट का मैच सीनियर बालक वर्ग में ग्रीन और यलो हाउस के बीच खेला गया। दोनों टीमों में कांटे की टक्कर रही। ग्रीन हाउस ने यलो हाउस को हराकर जहां जीत अपने नाम दर्ज किया वहीं वालीबाल सीनियर बालक वर्ग में ब्लू और रेड हाउस के बीच खेले गए मैच में रेड हाउस ने ब्लू टीम को शिकस्त देते हुए बाजी मारी। स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने दोनों खेलों में जीते हुए प्रतिभागी टीम के छात्रों को मेडल, शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। तत्पश्चात प्रतियोगिता में उपस्थित बच्चो को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खेल हमारी दैनिक दिनचर्या के लिए बेहद अहम है। हमारे शरीर को स्वस्थ और मजबूत रखने में खेलकूद प्रतियोगिता काफी मददगार रही है। श्री गुप्ता ने आगे कहा खेल गतिविधियाँ हमारे दिमाग को संतुलित रखने में भी सहायक है। इसलिए सभी बच्चो को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद में प्रतिभाग करने की जरूरत है क्योंकि खेलकूद से ही बच्चो का शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होता है। इसी क्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय ने कहा कि खेल को खेल के ही भावना से खेलना चाहिए, खेल में हार जीत प्रायः होता रहता है, इसलिए प्रतियोगिता में हारने वाले बच्चो को कभी भी निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कड़ी मेहनत और लगन के साथ किये गये से मंजिल अवश्य मिलती है चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या फिर खेलकूद का मैदान हो। खेलकूद प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने में अभिरंजन गुप्ता, विपिन शुक्ला, खेल शिक्षक गौरव पाण्डेय, मोहनीश मिश्रा, कुलदीप शर्मा, मनोज विश्वकर्मा, कमलेश शर्मा, विपुल यादव, बिजेंद्र राय, विजय जैसल, अविनाश, नवदीप यादव, मदन लाल, रवि केशरी, रिशु, पूजा त्रिपाठी, रीना यादव, सविता, इति सिंह तथा मीनाक्षी यादव आदि के अलावा स्कूल के समस्त स्टाफ कर्मियों की प्रमुख भूमिका रही।

मांडा में बेखौफ दबंगो ने दी मर्डर की धमकी, वीडियो वायरल

अखंड भारत संदेश

मांडा के दिघिया बाजार का मामला, केस दर्ज, मकान कब्जा को लेकर विवाद

मांडा। क्षेत्र के दिघिया बाजार में मकान पर कब्जा करने को केकर दो पक्षो में भारी विवाद हो गया। इससे दुकानदारों साहित ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनो पक्षो में तीखी बहस हुई। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब सुर्खिया बटोर रहा है। हालांकि पुलिस मामला दर्ज कर खानापूर्ति में जुट गई है। अभी तक कोई कठोर कार्यवाही नहीं की जा सकी है। मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया के रहने वाले दिनेश सिंह ने पुलिस को तहरी दिकर आरोपित किया की पड़ोस के मिठाई लाल केसरवानी अपने बेटे राजेश केसरवानी, सत्यम, अजीत के साथ सुबह पुराने मकान पर जबरन कब्जा करने लगे। विरोध पर गाजी गलौज के बाद कमरे में बंद कर पिटाई किया। दुकानदारों के बीच बचा० में किसी तरह उनकी जान बचाई गई। आरोप है की आरोपी दबँग किस्म के हैं। आए दिन जमीन हड़पने को लेकर विवाद करते रहते हैं।

पुलिस के सामने भिड़े दोनो पक्ष : बतादे की उक्त विवाद की सूचन पर पहुंची पुलिस के सामने कब्जा करने वाले केसरवानी पक्ष ने पीड़ित को मर्डर की धमकी दे डाली। इसकी वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस महकमे में खलबली मच गई।

आरोप: पुलिस ने दो लोगों को उठाया,फिर छोड़ा : वायरल वीडियो को लेकर एक तरफ क्षेत्र में तरह तरह की चचाएं हो रही तो दूसरी ओर पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ कर छोड़ना भी चर्चा का विषय बन गया है। आखिरकार किसके इशारे पर आरोपियों को पुलिस ने छोड़ दिया। यह खाकी पर सवालिया निशान लग गया है। लेकिन पुलिस पर इस बात का कोई फर्क नजर नहीं आ रहा है। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने लिखा केस : दिघिया बाजार में हुए विवाद में पुलिस के सामने मर्डर धमकी देने का वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। लेकिन आरोपियों को छोड़ना पुलिस के लिए आफत बन गया है। फिर भी उच्चधिकारी कान में तेल डालकर बैठे हुए हैं। मामले में दरोगा सोएब ने बताया की मारपीट व धमकी को लेकर आवश्यक अभियोग दर्ज कर जांच की जा रही है। दो लोगों पर कार्यवाही की जाँ चुकी है। आरोपियों को छोड़ने की बात महज अफवाह है।

विवादित भूमि पर पंचायत भवन का निर्माण, मुख्यमंत्री से गुहार

प्रतापपुर। सरायममरेज थानांतर्गत मड़वा गांव निवासी मनारा देवी के अनुसार आराजी संख्या 118 जो कि मेरे के परिवार की है और 1359 फसली मे मेरे ससुर का नाम दर्ज है और मेरे द्वारा पूर्व मे नींव भी भरवाकर छोड़ा गया था। पूर्व मे उक्त आराजी संख्या 118 को चकबंदी कर्मियो द्वारा खतौनी मे ऊसर खाते मे दर्ज कर दिया गया था और प्रधानी के चुनाव मे वोट ना डालने के कारण ग्राम प्रधान मड़वा ने बीडीओ प्रतापपुर व एसडीएम हंडिया को मिलाकर मनारा देवी की जमीन पर पंचायत भवन का निर्माण करवाया जा रहा है। मनारा देवी ने कई बार खंड विकास अधिकारी प्रतापपुर, उप जिलाधिकारी हंडिया को अपने जमीन का कागज दिखाया लेकिन निर्माण कार्य बंद नही कराया जा रहा है। रात दिन निर्माण कार्य जारी है नायब तहसीलदार प्रतापपुर राहुल सिंह ने निर्माण को रोकने के लिए लेखपाल को भेजा था लेकिन ठेकेदार एवं पुलिस कर्मियो की मिलीभगत से निर्माण कार्य जारी है। मनारा देवी के परिवार का कोई सदस्य निर्माण कार्य रोकने जाता है तो पंचायत भवन बनाने वाले ठेकेदार और उसके लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। मनारा देवी ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, आयुक्त प्रयागराज मंडल, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रयागराज, प्रमुख सचिव पंचायती, अपर मुख्य सचिव, गृह सचिव सहित कई जगहों पर पत्र भेजकर निर्माण कार्य बंद कराने की गुहार लगाई है।

सुग्रीव मित्रता, बाली वध देखकर भाव-विभोर हुए रस्तीपुर गांव के निवासी

जंघई। श्री शिव निवास रामलीला समिति रस्तीपुर रामलीला मंचन में पात्रों द्वारा शबरी भक्ति, राम सुग्रीव मित्रता, बाली वध एवं सीता की खोज की सुंदर लीला का मंचन किया गया जिसे देखकर दर्शकों ने खूब सराहा एवं तालियों के साथ स्वागत किया। मंचन में प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण सीता की खोज में शबरी के आश्रम पहुंचते हैं जहां शबरी द्वारा उनको मीठे बेर खाने को दिए जाते हैं। तत्पश्चात शबरी द्वारा बताया जाता है कि कुछ ही दूर पर ऋषि मुख पर्वत है जहां पर सुग्रीव अपने साथियों के साथ निवास करते हैं वह आपकी सहायता अवश्य करेंगे। राम ने शबरी को नवधा भक्ति प्रदान किया और ऋषि मुख पर्वत की ओर प्रस्थान किया। हनुमान से प्रथम मिलन एवं हनुमान द्वारा सुग्रीव एवं श्रीराम की मित्रता हुई। जिस डर से सुग्रीव ऋषि मुख पर्वत पर रहते थे उसका कारण जानकर राम ने उन्हें शाम तक उनका राज्य एवं उनकी अर्धांगिनी को वापस दिलाने का प्रण किया और सुग्रीव को बाली से लड़ने भेजा उसके बाद बाली का अंत कर सुग्रीव को उनकी अर्धांगिनी एवं राज अपने प्रण के अनुसार वापस दिलाया। इस अवसर पर सबल सिंह, दरोगा सिंह, सेहत बहादुर सिंह, आरबी सिंह, समरजीत सिंह, पप्पू सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह, अमर बहादुर यादव, ओम प्रकाश चतुवेर्दी, मुन्ना चौबे, जज्जे तिवारी, विजय नाथ तिवारी, सतीश पांडेय, व्याब सतीश तिवारी, शक्ति सिंह एवं पात्रों में अनुज सिंह, आलोक, रिशु वैश्य, टार्जन, कुनाल चतुवेर्दी, अतुल, गौरव, आयुष, ऋतुराज, हिमांशु, रतन सिंह, हर्ष, अर्जुन, रवि, अवनीश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

लौह पुरुष सरदार पटेल को किया किया नमन ,रन फॉर यूनिटी का आयोजन

प्रयागराज। देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर भाजपा प्रयागराज महानगर ने रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर सरदार पटेल को नमन किया। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र एवं महापौर गणेश के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बालसन चौराहा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा से सरदार पटेल संस्थान अलोपी बाग तक बाइक द्वारा भाजपा रैली निकाल सरदार पटेल अमर रहें, भारत माता की जय ,वंदे मातरम का उद्घोष किया। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि पूरा देश सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति कृतज्ञ है। उनकी दूरदर्शी सोच का परिणाम रहा कि आज भारत एक है। देश की रियासतों को एक करने में सरदार पटेल का योगदान युगों तक याद रखा जायेगा। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल का त्याग बलिदान इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार पटेल के सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया गया। इस अवसर पर प्रभाकर गिरी, कुंज बिहारी मिश्रा, प्रमोद जायसवाल, मृत्युंजय तिवारी, राम जी शुक्ला, राजेश केसरवानी, विवेक मिश्रा, गिरिजेश मिश्रा, रवींद्र गांधी, देवेंद्र नाथ मिश्रा, राजन शुक्ला, राजू पाठक, आनंद दुबे, अविनाश दुबे, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, राघवेंद्र मिश्रा, सुमित वैश्य, निर्दोष सिंह गोलू, दिलीप केसरवानी, संदीप कुशवाहा, अरुण पटेल, अंगद पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बाइक से हुई टक्कर में जख्मी

मऊआइमा। पांच माह पूर्व सड़क पार कर रही लडकी को बाइक ने टक्कर मार दी। मुकदमा न लिखे जाने पर न्यायालय के आदेश पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव चौहान का पूरा निवासनीय लालमती देवी पत्नी जसवंत सिंह का आरोप है कि 11 अप्रैल को उनकी नातिन सड़क पार कर रही थी तभी अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह जख्मी हो गयी। मऊआइमा थाना में मुकदमा न दर्ज होने पर न्यायालय के आदेश पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

खेत में पशु चले जाने पर लाठियों से की पिटाई

मऊआइमा। खेत में पशु चले जाने पर विपक्षियों ने एक को मारपीट कर बेहोश कर दिए। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मरखामऊ निवासी नासिर अली पुत्र फिरोज उद्दीन का आरोप है कि खेत में जानवर चले जाने पर विपक्षी एक राय होकर उसके घर पर चढ कर गालियां दी और लाठियों से पीट कर लहुलुहान कर कर बेहोश कर दिए होश आने पर नासिर अली ने मऊआइमा थाने में वसी उद्दीन, नसीम उद्दीन,मुनीर उद्दीन, मोहम्मद युनूस के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

शिक्षकों का सम्मान करना प्रत्येक छात्र का कर्तव्य होता है : डॉ विजय यादव

धनतेरस पर प्रकाश पब्लिक स्कूल डीहा में शिक्षकों को किया सम्मानित

करछना। शिक्षा मनुष्य के जीवन में उसके लिए एक जीवनदान से काम नहीं है समाज में रहने के लिए हर नागरिक को शिक्षित होना अनिवार्य है तथा छात्रों को शिक्षकों का सम्मान करना सर्वोपरि होना चाहिए जिससे प्रत्येक छात्र के संस्कार एवं पठन-पाठन का एक दूसरे में आचरण और स्वभाव से पता चलता है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे उनकी योग्यता विद्यालय का नाम के साथ-साथ शिक्षकों का मान सम्मान देना या प्रत्येक छात्र का कर्तव्य होता है उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य एवं प्रकाश पब्लिक स्कूल डीहा करछना प्रयागराज में प्रकाश हॉस्पिटल के निदेशक डॉ विजय बाबू यादव ने धनतेरस दीपावली के उपलक्ष में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्रों को त्योहार पर उपहार देकर सम्मानित किया उपहार पाकर शिक्षकों एवं छात्र गौरवान्वित होकर त्योहार के मद्देनजर छूट्टी पर घर गए इस मौके पर बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक एवं शिक्षिकाए एवं गण लोग उपस्थित रहे।

प्राथमिक विद्यालय में रसोईयों को किया गया सम्मानित

मांडा। क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय हड़िया मे धन तेरस के शुभ अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों ने रसोईयों को साड़ी, टिफिन, व मिठाई देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि विकास खंड मांडा के प्राथमिक विद्यालय हड़िया में मंगलवार को अध्यापकों द्वारा अपने रसोईयों को साड़ी,टिफिन, व मिठाई भेट की तथा इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी राजीव प्रताप सिंह के निदेर्शानुसार विद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती भी धूम धाम से मनाया गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सचिन्द्र जायसवाल ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर पीएस रामधन पुरा के इंचार्ज नूर मोहम्मद, शिक्षक शंकुल गिरजेश सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

शुभ मुहूर्त देखकर धन तेरस पर की जम कर की गई खरीदारी

मांडा। मंगलवार को स्थानीय बाजार में धनतेरस पर बाजार गुलजार रहे और जमकर धनवर्षा हुई। यूं तो सुबह से ही दुकान सजने शुरू हो गए थे, लेकिन जैसे-जैसे दिन चढ़ते गए बाजारों में चहल-पहल बढ़ती गई। ग्राहकों ने बाजार की तरफ रुख किया तो दुकानों पर चमक बढ़ गई। इस दौरान शुभ मुहूर्त देखकर लोगों ने बर्तन, जेवर, वाहन और इलेक्ट्रानिक्स सामानों की जमकर खरीदारी. की। बाजारों की स्थिति ऐसी थी कि वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं जिसकी वजह से जाम की स्थिति बनी रही। मांडा क्षेत्र के भारत गंज, मांडा रॉड,चिलबिला, खवास तारा, सुरवादलापुर, हाटा आदि प्रमुख बाजारों में बर्तन, प्लास्टिक के समान, कपड़े, फल इत्यादि की दुकानें सजी रही। लोग जमकर खरीदारी करते नजर आए। वही लाई, चंदिया, गट्टा, चना, शक्कर से बने रंग-बिरंगे हाथी घोड़ा की दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। सोना चांदी की दुकानों पर अधिकतर महिलाओं की भीड़ दिखी। बाजार में गणेश लक्ष्मी एवं अन्य देवी देवताओं की मूर्तियां और माला फूल तथा पूजन सामग्री इत्यादि खरीदने में लोग मशगूल रहे। वही हर हाथ में झाड़ू लिए दिखाई दिए। हालांकि काफी भीड़ के चलते पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रही।

बाजारों में बरसा धन, डेढ़ हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। खुशहाली और सुख-समृद्धि का पर्व दीपोत्सव का आगाज मंगलवार को धनतेरस से हो गया। धनतेरस के मौके पर पर बाजारों में खूब धन बरसा। सराफा, बर्तन बाजार, इलेक्ट्रानिक्स, ऑटो बाजार गुलजार रहा। लोगों ने अपनी सुविधा के मुताबिक खरीदारी की। शुभ मुहूर्त देखकर लोगों ने बर्तन, जेवर, वाहन, कपड़े और इलेक्ट्रानिक्स उत्पादों की खरीदारी की। कंफेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स ने धनतेरस पर 1500 करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान लगाया है।

धनतेरस के मौके पर शहरभर के बाजार चहक उठे। हर तरफ उल्लास और जश्न सा माहौल दिखा। सुबह से आधी रात तक बाजारों में खरीदारों का हुजूम उमड़ा रहा। सोने-चांदी से लेकर बर्तनों की दुकानों पर सबसे अधिक भीड़ देखी गई। वाहन बाजार की बात करें तो सुबह से ही तमाम शोरूम में लोगों की चहलकदमी शुरू हो गई। दोपहर होते-होते वाहन शोरूम में काफी संख्या में ग्राहक जुट गए। एक अनुमान के मुताबिक पर्व पर 800 से ज्यादा चार पहिया एवं पांच हजार से अधिक दो पहिया वाहनों की बुकिंग हुई।मंगलवार होने की वजह से वाहन की डिलीवरी पाने के बाद सिविल लाइंस हनुमान मंदिर कई मंदिरों में लोग पूजन के लिए भी पहुंचे। सरस्वती नैक्सा के अंकित राज ने बताया कि इस बार बहुत से ग्राहकों ने पूर्व में ही बुकिंग करवा रखी थी, जो आज डिलीवरी लेने के लिए पहुंचे। डी हुंडई के देवर्षि अग्रवाल ने बताया कि धनतेरस की बुकिंग शोरूम पर पहले से चल रही थीं। लेकिन, बीते दो दिनों में काफी ग्राहक आए हैं। कुछ लोगों को उनकी डिमांडिंग धनतेरस पर नहीं मिल पाई।

सरस्वती मोटर्स, कान्हा मोटर्स, टीवीएस स्पीड, जीएस ड्रीम होंडा, युनाइटेड ऑटोमोबाइल आदि शोरूम में भी धनतेरस के मौके पर दर्जनों दो पहिया वाहनों की डिलीवरी दी गई। होंडा की एक्टिवा, साइन, बजाज की पल्सर, टीवीएस की ज्यूपीटर, हीरो की सुपर स्पलेंडर, पैशन, डीलक्स आदि दो पहिया वाहन ग्राहकों की पहली पसंद रहे। इलेक्ट्रिक वाहन भी खूब बिके। अधिकांश युवतियों ने इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदने में ही दिलचस्पी दिखाई।

गुलजार रहा सराफा बाजार :

धनतेरस पर इस बार सराफा बाजार सबसे ज्यादा गुलजार रहा। महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। नामी गिरामी ज्वेलर्स से लेकर छोटे सर्राफ के यहां भी ग्राहकों की भीड़ दिखी। सबसे ज्यादा हल्के और डिजाइनर ज्वेलरी की बिक्री हुई। सराफा एसोसिएशन के अनुमान के अनुसार इस साल दिवाली पर 500 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। धनतेरस के अवसर पर सोना चांदी खरीदना काफी शुभ माना जाता है। बाजार विशेषज्ञ बताते हैं कि ज्यादातर लोग निवेश के हिसाब से भी सोने-चांदी की काफी खरीदारी करते हैं।मंगलवार को शाम होते-होते कई सर्राफ के यहां चांदी के नए और पुराने सिक्के सबसे पहले खत्म हुए। ज्वैलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पिछले तीन साल की तुलना में शुक्रवार का बाजार काफी बेहतर रहा। बाजार में बहुत रौनक रही। तनिष्क, चड्ढा ज्वेलर्स, राणा ज्वेलर्स, आरा ज्वेलर्स, आधुनिक ज्वेलर्स, महालक्ष्मी ज्वेलर्स, लक्ष्मी ज्वेल्स, मनमोहन ज्वेल्स , भगतराम जयनारायण ज्वेलर्स, राजवंश ज्वेलर्स, सुनहरी गोल्ड एंड डायमंड, रानीशा-द सिल्वर शाइन, काशी अनार्मेंटस आदि ज्वेलर्स द्वारा ग्राहकों को बेहतर ऑफर भी दिए गए। ऑफर का क्रम आगे भी जारी रहेगा।

हाथों हाथ बिक गए डिजाइनर स्टील के बर्तन :

धनतेरस के मौके पर डिजाइनर स्टील के बर्तनों की अच्छी डिमांड रही। धार्मिक मान्यता के अनुसार धनतेरस पर भगवान धनवंतरी कलश के साथ प्रकट हुए थे। इसलिए इस दिन बर्तन खरीदने की परंपरा रही है। हर व्यक्ति इस दिन किसी न किसी बर्तन को जरूर खरीदता है। यही कारण है कि शुक्रवार को बर्तनों की दुकानों पर भी काफी भीड़ दिखी। आने वाले दिनों में सहालग को देखते हुए बहुत से लोगों ने अपने बेटी एवं होने वाली बहु के लिए बर्तनों की भी शॉपिंग धनतेरस पर कर डाली। लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार बर्तन खरीदे। ठठेरी बाजार में स्टील का डिनर सेट खरीदने को पहुंची बेनीगंज की उर्वशी भरद्वाज ने बताया कि आज भीड़ काफी रही। इस वजह से खरीदारी में थोड़ा समय भी लगा। इसी तरह नैनी की साधना त्यागी भी खरीदारी के लिए चौक पहुंची। बताया कि जाम की वजह से चौक पहुंचने में काफी विलंब लगा। उन्होंने भी स्टील के बर्तन खरीदे। ठठेरी बाजार के कारोबारी उदय कुमार ने बताया कि इस बार बाजार अच्छा गया। स्टील के बर्तन खूब बिके। उधर सिविल लाइंस के बर्तन कारोबारी शशांक जैन ने बताया कि डिजाइनर स्टील के अलावा ट्राई प्लाई को भी लोगों ने खरीदा।

पटाखा, पूजा-सामग्री की खूब हुई खरीदारी :

धनतेरस पर लक्ष्मी-गणेश, कुबेर की मूर्तियों और पूजा सामग्री की खूब बिक्री हुई। मोहल्लों की दुकानों से लेकर बड़े बाजारों में 40 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की मूर्तियां खूब बिक्रीं। दिवाली पर घर को सजाने के लिए झालर, रंग-बिरंगे बल्ब, एलईडी लाइट्स, बंधनवार, रंगोली, स्टिकर खूब बिके। काफी लोगों ने मंगलवार को मिट्टी के दीये और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की भी खरीदारी की। शहर के तमाम मोहल्लों की रोड पटरियों पर सबसे ज्यादा दुकानें लक्ष्मी गणेश की मूर्ति और सजावट की लगीं। प्लास्टिक की लड़ियां, बनावटी फूलों की लड़ियां खूब बिकी। गेंदे की रेडीमेड मालाएं भी लोगों ने खरीदी। इनकी कीमत 50 से 60 रुपए किलो रही। रोड पटरी पर लाई, लावा और चीनी से बने खिलौने भी लोगों ने खरीदे।

धनतेरस पर शहरियों ने जमकर की ऑनलाइन खरीदारी :

धनतेरस में भी शहरियों ने जमकर ऑनलाइन खरीदारी की। एक्सपर्ट की मानें तो धनतेरस में 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार शहर में हुआ। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने बताया कि धनतेरस पर ओवरऑल प्रयागराज में 1500 करोड़ रुपये से ज्यादा के कारोबार का अनुमान है। कहा कि ऑनलाइन कारोबार भी काफी अच्छा हुआ। हालांकि इसका सीधा नुकसान रिटेल कारोबारियों को होता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप व एसेसरीज, रेडीमेड कपड़े, फुटवियर, गर्म कपड़े, सजावटी सामानों आदि की लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी की है।

रेलवे लाइन के किनारे मिला गॉर्ड का शव

नैनी। नैनी औद्योगिक थाना क्षेत्र के भरौहा गांव में किराये के मकान में रहने वाले प्राइवेट गॉर्ड का शव मंगलवार की सुबह रेलवे लाइन के किनारे मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पहचान करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार अरुण तिवारी पुत्र रामसिंगार तिवारी मूल रूप से जौनपुर के मछली शहर के तिवारी पुर गाँव का रहने वाला था औद्योगिक क्षेत्र के भरौहा गांव में किराये के मकान में सपरिवार रहता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी ने बताया कि सोमवार की रात आठ बजे नौकरी पर जाने के लिये घर से निकले थे। मंगलवार की सुबह उसका शव भरौहा गांव के टिकुरी रेलवे लाइन के समीप उसका शव संदिग्ध अवस्था मे मिला। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

औद्योगिक क्षेत्र पुलिस व एसओजी टीम ने घटना में शामिल चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस को अच्छी सफलता हाथ लगी उसने एसओजी यमुनानगर की पुलिस टीम की मदत से बेदौ डेम में मिले शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल महिला समेत चार आरोपीयो को गिरफ्तार कर जेल भेजा। उक्त घटना एवं गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र कुशल कुमार तिवारी मय पुलिस फोर्स द्वारा पंजीकृत मुकदमा से जुड़े अपराधियों की लगातार तलाश की जा रही थी इसी बीच मुकदमे से जुड़े अपराधियो की करछना ओवर बृज के नीचे हल्दी कला मूंगारी में होने की खास सूचना मिली जिनके बाद थानाध्यक्ष अपनी व एसओजी यमुनानगर प्रभारी नवीन सिंह की संयुक्त टीम बनाकर उस स्थान की घेराबंदी की वही मौके स्थान से तीन आरोपी अभियुक्त तथा शामिल एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने वाले आरोपीगण सूबेदार पटेल पुत्र स्व दिनेश पटेल व आलोक पटेल पुत्र अभय राज पटेल व विजय बहादुर पटेल पुत्र असरफी लाल पटेल व महिला मंजिता देवी पटेल पत्नी स्व पत्नी दिनेश पटेल बेंदौ ग्राम नैनुआ औद्योगिक क्षेत्र के निवासी है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने गुनाह कबूल करते हुए बताया मृतिका किसी से फोन पर बात करती थी हमने कई बार उसे समझाया और मना भी किया वह नही मानी एक दिन नाराज होकर घर से चली गयी ढूढने पर उसे हम बेंदौ डेम के पास खेत पाया जब उसे घर चलने को कहा गया तो वह मना कर दिया इसी बात को लेकर कहा सुनी हुई हम सभी ने आवेश में आ गये उसकी हत्या कर उसे डेम के पानी में फेंक दिया और अगले दिन थाने में गलत सूचना करायी। पुलिस ने घटना से जुड़े और कई सवालो के बारे में पूछताछ की कार्यवाही को पूर्ण करते हुए हत्या के दौरान आरोपीगण जो कपड़े पहने हुए थे वह भी बरामद कर लिया।

पूर्व आईजी डीके पंडा से 381 करोड़ रुपए की ठगी, दूसरी राधा बनकर आए थे चर्चा में

प्रयागराज। पूर्व आईपीएस अधिकारी डीके पंडा से 381 करोड़ रुपये की ठकी का मामला प्रकाश में आया है। घटना की रिपोर्ट धूमनगंज थाने में दर्ज कराई गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। पूर्व आईपीएस पंडा का दावा है कि लंदन की एक कंपनी में ट्रेडिंग कर-के उन्होंने 381 करोड़ रुपये कमाए थे। मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले डीके पंडा 1971 बैच के आईपीएस अफसर रहे हैं। 2015 में दूसरी राधा का रूप त्याग कर कृष्णानंद बन गए थे। वह काफी समय से प्रयागराज में धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतमनगर में रहते हैं।

भगवान के आदेश पर बदला रूप : अपने पूर्व रूप कृष्ण प्रिया (दूसरी राधा) के बारे में वह बताते हैं कि 2005 में भगवान के आदेश पर उन्होंने यह रूप धारण किया था। 2015 में भगवान कृष्ण उनके सपने में आए और यह रूप त्यागने को कहा, जिस पर उन्होंने ऐसा ही किया। 2017 से वह बाबा कृष्णानंद के रूप में रहकर भक्ति कर रहे हैं। अब वह पूर्व की तरह नारी रूप में नहीं रहते। बल्कि संत की तरह पीत वस्त्र धारण कर रहते हैं।

2005 में दिया था इस्तीफा : 1971 बैच के आईपीएस अफसर पूर्व आईजी डीके पंडा मूल रूप से उड़ीसा के रहने वाले हैं। 2005 में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। तब उनकी तैनाती लखनऊ में आईजी रूल्स एंड मैनुअल के पद पर थी। 2005 में तब वह सुर्खियों में आए, जब उन्होंने महिला का रूप धरकर खुद को दूसरी राधा घोषित कर दिया था। वह महिलाओं की तरह सोलह शृंगार करने लगे थे। मांग में सिंदूर व माथे पर बिंदी लगाने के साथ ही कानों में बाली, नाक में नथ, पैरों में घुंघरू पहनने लगे थे।

छिवकी जीआरपी ने दो अदद चोरी की मोबाइल सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

नैनी। नैनी छिवकी जीआरपी ने मंगलवार को अपने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत चोरी की दो अदद मोबाइल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की। मिली जानकारी के अनुसार छिवकी जीआरपी के उपनिरीक्षक राजीव कुमार सिंह अपने हमराहियों के साथ मंगलवार को सुरक्षा की दृष्टि से पैदल गस्त पर प्लेटफार्म नंबर एक पर थे कि तभी प्लेटफॉर्म की अंतिम छोर पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई पड़ा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास दो अदद मोबाइल मिला जिसको लेकर उससे पूछताछ और जांच की गई तो मोबाइल चोरी का निकला जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 43000 आंकी गई। पूछताछ में उसने अपना नाम मनोज चौहान उर्फ संतोष उर्फ सोनू पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम नदाव थाना इटाढ़ी जिला बक्सर (बिहार) बताया। उसने यह भी बताया कि चलती ट्रेनों में या स्टेशनों पर वह मोबाइल चुराकर बेचता था औ? मिले पैसों से अपने ऐश आराम में खर्च करता था। उसके खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

न्यूज झरोखा

धनतेरस पर झूंसी के बाजार रहे गुलजार

झूंसी। धनतेरस पर झूंसी के बाजारों में लोगो की भारी भीड़ रही। सोने चांदी के जेवरात, बर्तन, होम डेकोरेशन व कपड़ो की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देर रात तक रही। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की भी खूब बिक्री हुई। झूंसी के लाल चौक, न्यायनगर, लीलापुर रोड, अनवर मार्केट महिला पुरुषों के बच्चो की अधिक भीड़ खरीदारी को पहुची थी। महिलाओ ने दीपावली पर पूजा के लिए गणेश लक्ष्मी की मूर्ति के साथ, मिट्टी के दिए, माला फूल घर मे सजावट के समान की खरीदारी की साथ मे बच्चो कपड़े भी खरीदे। सराफा बाजार में भी खूब रौनक रही शालू ज्वेल्स के मालिक रवि वर्मा ने बताया कि सोने के भाव बढ़ने की वजह से लोगो ने हल्के गहने खरीदे सब से अधिक सिक्के बिक्री हुई। बच्चो ने भी खाने पीने के समान के साथ पड़ाको की खरीदारी की। वहीं थानाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह ,चौकी प्रभारी नाई झूसी सूर्यकांत सिंह उप निरीक्षक विपिन कुमार यादव मौजूद है

नैनी क्षेत्र में धनतेरस पर खूब हुई खरीदारी

नैनी। नैनी क्षेत्र में इस बार धनतेरस का त्यौहार में लोग ने खरीदारी करने में जुटे रहे जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की जैसे कि सोना, चांदी, सोफा, टीवी, अलमारी, प्लास्टिक के सामान आदि खूब बाजारों में बिके। वहीँ नैनी बाजार कि बात करे तो पैर रखने तक कि जगह नहीं थी व्यापारियों ने खूब सोने चांदी के समान बेचे। वहीं बात करे तो मेवा लाल बगिया स्थित शगुन फर्नीचर में भी खरीदारी करने को लोग जुटे रहे। वहीं समाजसेवी सुधीर शर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष अरवल बिहार बताते हैं कि धनतेरस पर लोग सोना चांदी ज्यादा खरीदे हैं। वहीं सुरक्षा कि बात करे तो नैनी पुलिस के जवान सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

वृद्ध आश्रम में फल का वितरण किया गया

नैनी। नैनी धनतेरस के शुभअवसर पर आधारशिला वृद्धाश्रम नैनी में सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार लखमानी के सौजन्य से फल का वितरण किया गया। वृद्धों की सेवा करना सभी का कर्तव्य है वृद्धावस्था एक ऐसा पड़ाव है जिसमे परिवार के लोगों को अपने माता पिता की सेवा करना आवश्यक हो जाता है। मुख्य अतिथि के रूप में चक भटाई के वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव सामाजिक कार्यकर्ता राजेश थापा, महानगर उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सेक्टर संयोजक प्रदीप तिवारी, आदि लोग उपस्थित रहे।

धनतेरस पर रही बाजारों में भारी भीड़ जमकर खरीदारी

सहसों। धनतेरस के इस पावन त्यौहार पर क्षेत्र के सहसों बाजार सहित अन्य बाजारों में खरीदारी के लिए पुरुष एवं महिलाओं की भारी भीड़ देखी गई। विद्वानों एवं पंचांग के अनुसार मंगलवार को अपराह्न 11 बजे के बाद त्रयोदशी तिथि सारा दिन सारी रात एवं बुधवार को दोपहर तक शुभ मुहूर्त होने की वजह से बाजारों में लोग खूब जमकर खरीदारी किया। जबकि शास्त्र के अनुसार धनतेरस तिथि की मान्यता मंगलवार को होने के कारण लोग बाजारों में जाकर लक्ष्मी, गणेश, कुबेर आदि की मिट्टी से बनी मूर्तियां, झाड़ू , वस्त्र, सजावट के सामान, बर्तन, स्वर्ण आभूषण एवं लाई, लावा, च्यूरा, गट्टा तथा चीनी से बने रंग बिरंगी हाथी, घोड़ा मिष्ठान आदि का खूब जमकर खरीदारी की गई। शास्त्रों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि धनतेरस तिथि को इन सब सामग्रियों की खरीदारी एवं भगवान धनवंतरी, कुबेर, लक्ष्मी आदि की पूजन करने से परिवार में सुख शांति समृद्धि एवं धन वैभव से जीवन परिपूर्ण होता है। इस अवसर मूर्ति, सजावट सामग्री, वस्त्र, आभूषण एवं बर्तन के दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई। सहसों बाजार सहित रामनगर बाजार, गारापुर बाजार, चिरौड़ा चौराहा, चंदौहां बाजार सहित क्षेत्र के अन्य बाजारों में लोगों द्वारा मिट्टी की मूर्ति एवं झाड़ू सहित आदि पूजन सामग्रियों की खूब जमकर खरीदारी की गई।

माँ शीतला धाम मंदिर में धनतेरस पर्व पर आयोजित किया गया सम्मान समारोह

उतरांव। जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के समोधिपुर स्थित माँ शीतला धाम मंदिर पर वरिष्ठ समाजसेवी शंकर लाल पुष्कर ने दर्जनों पत्रकारों को गले लगाकर मिठाई खिलाकर उपहार भेंटकर सम्मानित किया, जिनमें पत्रकार संतोष शुक्ला, राम सेवक, नन्दलाल गुप्ता नंदी, हज्जाज यूसुफ (गुड्डू), कमलेश गुप्ता, रणविजय यादव, एस एम रजा, राजेश यादव, अनिल मौर्या, राजेश गुप्ता, पूजा यादव, कविता आर्या, संजय पटेल, दिलीप मिश्रा आदि शामिल थे।शंकरलाल पुष्कर ने कहा कि पत्रकार समाज के लिए एक आईने की तरह कार्य करते हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया और उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की।कार्यक्रम में अशोक पुष्कर उर्फ पप्पू, रितेश कुमार, लालजी, सुरेंद्र कुमार मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अशोक पुष्कर ने आए हुए पत्रकारों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सांसद उज्जवल रमण ने जीवन दीप हास्पिटल में स्टाफ को बांटें उपहार

करछना। धनतेरस दीपावली त्योहार के अवसर पर प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमण सिंह ने रामपुर में जीवनदीप हॉस्पिटल में एक कार्यक्रम के दौरान त्योहार पर अस्पताल के सभी स्टाफ को उपहार देकर सम्मानित किया इस मौके पर अस्पताल के निदेशक डॉक्टर गुलाम मुस्तफा उर्फ लाल मियां के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे सांसद ने कहा त्यौहार एक भाईचारे का सौहार्दपूर्ण पर्व है जिसे सभी को मिलकर मानना चाहिए जिससे समाज में उसका एक अच्छा संदेश जाए आपस में भाईचारा के साथ-साथ समाज को एक नया संदेश दें दीपावली धनतेरस त्यौहार के अवसर पर उन्होंने सभी अस्पताल के स्टाफ डॉक्टर नर्स को उपहार देकर सम्मानित किया तथा मरीजों का अच्छे ढंग से देखरेख एवं इलाज के लिए चिकित्सकों को प्रेरित किया।

हाईकोर्ट का आदेश, दागी पाए गए 169 को छोड़ शेष अभ्यर्थियों को किया जाए बहाल

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आजम खान के जमाने में हुए जल निगम भर्ती घोटाले के उजागर होने के बाद निकाले गए जूनियर इंजीनियरों को बड़ी राहत दी हैं। कोर्ट ने सीएफएसएल जांच रिपोर्ट में दागी पाए गए 169 को छोड़ कर शेष चयनित अभ्यर्थियों की सेवा बहल करने का आदेश दिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की अदालत ने समराह अहमद समेत सैकड़ों अभ्यर्थियों की ओर से तीन साल सेवा करने के बाद चयन रद्द किए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट की राहत के हकदार केवल याची होंगे। सेवा बहाली पाने वाले याची याचिका लंबित रहने की अवधि के लिए वेतन के किसी भी बकाया के हकदार नहीं होंगे। जबकि उनकी उनकी वरिष्ठता बहाल की जाएगी और काल्पनिक वेतन वृद्धि के साथ वेतन संरक्षण भी प्रदान किया जाएगा।गौरतलब है कि वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश जल निगम के जूनियर इंजीनियर के 853 पदों परचयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति रद्द करने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। याचियों का कहना है कि चयन रद्द करने से पूर्व उनको सुनवाई का मौका नहीं दिया गया।याची अधिवक्ता अशोक खरे और सीमांत सिंह ने दलील दी थी कि जूनियर इंजीनियर भर्ती का चयन परिणाम एक जुलाई, 2017 को जारी हुआ। याचीगण उसमें सफल घोषित किए गए। इसके बाद

जल निगम भर्ती घोटाला :

उन्हें नियुक्ति मिल गई। विभिन्न जिलों में उनकी तैनाती कर दी गई। इसी बीच अंतिम उत्तरकुंजी के कुछ प्रश्नों को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। कोर्ट ने विभाग को याचीगण की शिकायतों पर विचार कर निर्णय लेने का निर्देश दिया। इस आदेश के परिपेक्ष्य में विभाग ने पूरा चयन परिणाम निरस्त करते हुए चयनित याचियों की नियुक्तियां रद्द कर दी। ऐसा करने से पूर्व याचियों को न तो कोई नोटिस दी गयी और न ही उनको अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया। यह भी नहीं बताया गया कि चयन परिणाम दूषित होने में याचीगण कैसे उत्तरदायी हैं? परीक्षा एजेंसी से कराई गई थी जांच भर्ती परीक्षा मेसर्स अपटेक ने कराई थी। शिकायत की जांच ट्रिपल आइटी प्रयागराज से कराई गई। जांच रिपोर्ट में कहा गया कि अपटेक ने डाटा सुरक्षित नहीं रखा और न क्लाउड सर्वर तैयार किया, जबकि अपटेक का कहना था कि डाटा सीडी और पेनडाइव में सुरक्षित है। करार में क्लाउड सर्वर तैयार करने की कोई शर्त नहीं थी। करीब चार साल बाद आए 246 पेज के फैसले में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विज्ञापन व चयन के वक्त जल निगम एक एकीकृत निगम था। इसलिए जल निगम उनकी नियुक्ति के लिए जिम्मेदार थे और चयनित उम्मीदवार जल निगम के एकीकृत कर्मचारी थे। वर्ष 2021 में तत्कालीन यूपी जल निगम को यूपी जल निगम (शहरी) और (ग्रामीण) के रूप में तब्दील किए जाने से याचियों के दावे पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

विभाग ने दी रिक्तियों की जानकारी : यूपी जल निगम (शहरी) के उप प्रबंधक (विधि) आशुतोष यादव की ओर से दाखिल जवाबी हलफनामा दाखिल कर रिक्तियों की जानकारी दी गई है। इसके मुताबिक,1 सितंबर, 2024 तक सहायक अभियंता (सिविल) के संवर्ग में 158 रिक्तियां, सहायक अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) के संवर्ग में 18 रिक्तियां, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) के संवर्ग में 622 रिक्तियां और कनिष्ठ अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) के संवर्ग में 114 रिक्तियां हैं। जबकि, मुख्यालय में कनिष्ठ अभियंता के संवर्ग में 35 रिक्तियां 1 सितंबर, 2024 तक उपलब्ध होंगी।वहीं, यूपी जल निगम (ग्रामीण) के मुख्य अभियंता संदीप कुमार ने अपने हलफनामे में बताया कि उनकी इकाई में 18 सितंबर, 2024 तक सहायक अभियंता (सिविल) की 154 , सहायक अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) की 24, कनिष्ठ अभियंता (सिविल) की 793, सीधी भर्ती के लिए कनिष्ठ अभियंता (सिविल) की 42, सीधी भर्ती के लिए कनिष्ठ अभियंता (विद्युत/यांत्रिक) की 186, मुख्यालय कैडर में आरजीसी की 35 और निगम के मूल कैडर में 20 रिक्तियां उपलब्ध है।

गुरु वशिष्ठ ने श्रीराम का किया राजतिलक

संस्कार ग्लोबल स्कूल में मनी दिवाली

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में छात्र-छात्राओं ने श्रीराम के राज्याभिषेक की मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ ही आकर्षक रंगोली बनाकर समाज में जागरुकता का सन्देश दिया। अवधपुरी में चारों ओर हर्षोल्लास, श्रीराम के राज्याभिषेक के बीच दीपावली सा माहौल रहा ऐसी ही खुशियों के बीच गुरु वशिष्ठ ने श्रीराम का राजतिलक किया तो जय श्रीराम की चहुंओर गूंज हो उठी।

श्रीराम के राज्याभिषेक में बच्चों द्वारा निकाली गई भगवान

भगवान राम का राज्याभिषेक करते बच्चे।

की आकर्षक झांकी ने लोगों का मनमोह लिया। अथर्व सिंह, सताक्षी मिश्रा, प्रशांत सिंह, वैभवी सिंह, आशुतोष, अनुश्री, मानसी, शौर्य द्विवेदी, मानसी प्रजापति, अनुकर्ष की प्रस्तुतियां खूब सराही गईं। निदेशक संजय सिंह व प्रिंसिपल समीना अख्तर ने रामदरबार की आरती उतारी। सभी पात्रों को प्रिंसिपल ने सम्मानित किया। संयोजन गुंजन सिन्हा, दया पुष्पजीवी, लक्ष्मी देवी, शुभी अली, तनु ने किया। इसके बाद रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने महिला सुरक्षा, स्वच्छ पर्यावरण, शुभ व सुरक्षित दिवाली सहित विभिन्न विषयों पर रंगोली बनाकर जागरुकता का संदेश दिया। शाजिया मुर्तजा, अखिलेश मिश्र, जितेंद्र सिंह, संगीत दुबे, अंकिता सिंह, प्रकाश त्रिपाठी, कृष्णा सिंह, सुधा सिंह निर्णायक रहे। अंत में सभी ने प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लिया।

आचार्य सदाशिव पैरामेडिकल कालेज में मनी धन्वंतरि जयंती

प्रतापगढ़। आचार्य सदाशिव पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट खरहर में मंगलवार को आयुर्वेद दिवस के अवसर पर धन्वंतरि जयंती मनाई गई। विद्यालय में सुंदरकांड का पाठ किया गया। धन्वंतरि भगवान की पूजा की गई। कार्यक्रम में आयुर्वेदाचार्य डॉ रंगनाथ शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर उपस्थित प्रबंधक अरुणा उपाध्याय ने अमृत फल आंवला से निर्मित उत्पादों का वितरण किया। इस अवसर पर पूजा शुक्ला, डॉ मृत्युंजय, आशीष, दिवाकर, रत्नेश, अश्विनी, राघवेंद्र, शेष कुमारी, काजल, देवी उपाध्याय, विजय आदि मौजूद रहे।

बाबागंज में हुई मारपीट में पूर्व विधायक सहित कई घायल

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। शिवगढ़ ब्लाक प्रमुख चुनाव की रंजिश में शहर के बाबागंज मोहल्ले में पूर्व विधायक धीरज ओझा एवं शिवगढ़ के पूर्व ब्लाक प्रमुख रमाकांत दुबे के समर्थकों में जमकर मारपीट हुई जिसमें धीरज ओझा सहित तीन लोगों के घायल होने की खबर है जिनमें से दो को राजकीय मेडिकल कालेज में इलाज के लिये भर्ती किया गया है।

बता दें कि धीरज ओझा ने विधायक रहते हुए अपने भतीजे सत्यम ओझा को शिवगढ़ का ब्लाक प्रमुख बनवा दिया था। इसके विरोध

शिवगढ़ ब्लाक प्रमुख चुनाव का विवाद में हुई घटना

में रमाकांत दुबे उच्च न्यायालय गये थे। वहां से जिलाधिकारी को मामले का निस्तारण करने का निर्देश हुआ था। सोमवार को डीएम कार्यालय में पूर्व ब्लाक प्रमुख रमाकांत दुबे के समर्थक बीडीसी सदस्यों की परेड भी हुई। उसी समय वहां पूर्व विधायक धीरज ओझा भी पहुंच गये लेकिन दोनों पक्षों के टकराव की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी ने दोनों पक्षों को वहां से लौटा दिया था। इसके बाद तीन गाड़ियों से रमाकांत दुबे के समर्थक शहर में पूर्व विधायक के आवास के पास बाबागंज पहुंचे तो धीरज ओझा अपने समर्थकों के साथ भी निकल पड़े, जहां पूर्व विधायक पर हमला किया गया। इससे तनाव बढ़ गया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। रमाकांत के समर्थक जो थार गाड़ी से आए थे, उसे क्षतिग्रस्त कर दिया गया और एक आरोपी को पकड़कर उसे मारा-पीटा गया तथा उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

शक की सुई पर प्रेमी ने युवती को उतारा मौत के घाट, गया जेल

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। प्रेम सम्बन्धों में शक की सुई ने युवती की जान ले ली। उदयपुर थाना क्षेत्र में युवती की मौत का पुलिस ने मंगलवार को चैंकाने वाला खुलासा किया। युवती की मौत के आरोप की जद में उसका प्रेमी ही पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे कुर्मी किशुनगढ़ निवासी राममिलन वर्मा की पुत्री विंदेश्वरी वर्मा 18 का शव बीती छब्बीस अक्टूबर को खेत में फेंका मिला था। परिजनों ने पुलिस से युवती की मौत को हत्या करार दिया था। एसपी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस को खुलासे के निर्देश दे रखे थे। उदयपुर पुलिस ने घटना को लेकर मृतका की मां सूरजकली की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। पुलिस ने सर्विलांस तथा सीडीआर के साथ घटना का क्लू खंगाला तो इसके तार बगल के मुराईन का पुरवा निवासी रामफेर मौर्या के पुत्र विजय कुमार मौर्या से जुड़ गया।

पुलिस ने गहराई से छानबीन किया तो विजय कुमार के खिलाफ साक्ष्य मिल गये। मंगलवार की सुबह एसओ उदयपुर राधेबाबू तथा जिले की स्वाट टीम आरोपी की तलाश में निकली। इस बीच थाना क्षेत्र के राजापुर बाजार पुलिया पर मुखबिरी सूचना मिली कि आरोपी राजापुर कोट से नसीरपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर है। पुलिस ने आननफानन में आरोपी विजय कुमार को धर दबोचा। पुलिसिया पूछतांछ में आरोपी ने बताया कि उसका मृतका के साथ पिछले छः माह से प्रेम सम्बन्ध बन गया था। मृतका से उसकी बातचीत होती थी। आरोपी को मृतका के द्वारा अन्य कई लोगों से बातचीत करने पर शक हो गया था। घटना के दिन आरोपी ने मृतका को बहाने से खेत पर बुलवाया। वहां दोनों में कुछ देर झगड़ा हुआ तभी तैश में आकर आरोपी ने मृतका का गला दबाकर उसे मार डाला। मृतका को मृत अवस्था में देख आरोपी शव को खेत में ही छोड़ भाग निकला। पुलिस ने आरोपी को पूछतांछ के बाद जेल भेज दिया।

बाइक चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अधेड़ की दुर्घटना में हुई मौत को लेकर बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बघेल नगर मेढ़ावां निवासी निभच्य प्रताप सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चैबीस अक्टूबर की शाम उनके पिता राकेश सिंह घर से पैदल बाजार की ओर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में बाइक चालक रांकी उदयपुर निवासी अनिकेत ने बाइक से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसके पिता की मौत हो गयी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आरोपी बाइक चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

एकता का संदेश देने के लिये रन फार यूनिटी का हुआ आयोजन

सदर विधायक व जिलाध्यक्ष ने दिखाई हरी झण्डी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भाजपा सदर विधानसभा के नगर मंडल में एकता का संदेश देने के लिए रन फार यूनिटी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव एवं सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने हरी झंडी दिखाई। इस दौरान लौह पुरुष-भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

रन फार यूनिटी में शामिल सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सरदार पटेल केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में एकता के प्रतीक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधने का महत्वपूर्ण काम किया। उनके विचार हमें एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश देते हैं। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि 2014 से,उनकी जयंती 31 अक्टूबर को भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है. 31 अक्टूबर 2018 को उनकी जयंती पर दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का उद्घाटन किया गया और उन्हें समर्पित किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला मंत्री अनुराग मिश्र, राम आसरे पाल, संतोष मिश्र, जिला प्रवक्ता राघवेंद्र नाथ शुक्ल, अंशुमान सिंह, सुनील दुबे, सुनील दुबे, सुनील गोयल, महावीर पाल, अजय सिंह, देवव्रत त्रिपाठी, जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी, आलोक गर्ग आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रंगोली बनाने से बढ़ती है सुख समृद्धिः डा0 शाहिदा

न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में हुई रंगोली प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में दीपावली पर्व का आरम्भ धनतेरस के दिन रंगोली बनाकर हुआ। प्राइमरी और जूनियर विंग के चैलेन्जर, कान्करर, बिलीवर और अचीवर हाउस के छात्र-छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में खूब बढ़ चढ़ कर भाग लिया। चारों तरफ़ सुन्दर रंगोलियों से वातावरण प्रफुल्लित हो उठा।

प्राइमरी विंग के चैलेंजर हाउस से आस्था, शाम्भवी, अथर्व, दिव्यांश और सिद्धि ने तथा जूनियर विंग के अल्फिया, लक्ष्मी, आस्था तिवारी, मयंक, प्रज्ञा ने कान्करर

रंगोली के साथ न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल की छात्राएं।

हाउस के प्राइमरी विंग के आरना, संस्कार, रूही, शौर्य, और दीप्ति ने तथा जूनियर ग्रुप से अभिषेक, युवराज और मुस्कान सरोज ने, बिलीवर हाउस के प्राइमरी ग्रुप से अन्वी, ईशान, आदिति, आकृति, अग्रता ने तथा जूनियर विंग के अदिति, अपूर्वा, मुस्कान भगत, महक, अरीशा, आकांक्षा, सौम्या, ज़की, वैदिक, और श्याम पांडेय ने, अचीवर हाउस के प्राइमरी विंग से मनस्वी, प्रियांशी, नीति, शिवांश और रिया तथा जूनियर विंग से आयुष, आयुष्मान, प्रियाशी, गर्विता, चित्रा और शुभी सिंह ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बी के सोनी और सीनियर टीचर आर के सिंह ने जज की भूमिका निभाई। उनके निणच्य के अनुसार चैलेंजर हाउस प्रथम स्थान पर, बिलीवरी हाउस द्वितीय स्थान पर और कान्करर हाउस तृतीय स्थान पर रहा। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने बताया कि रंगोली देवी देवताओं को प्रसन्न करने के लिये बनाई जाती है रंगोली बनाने से न केवल घर एवं संस्थान की सुन्दरता बढ़ती है बल्कि सुख समृद्धि बढ़ती है तनाव दूर होता है, और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने सभी अध्यापकों को, छात्र, छात्राओं को धनतेरस और दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

एलायंस क्लब ने बांटे दिव्यांग बच्चों को उपहार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा धनतेरस दीपावली के अवसर पर राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी मोहनगंज में दिव्यांग बच्चों संग त्यौहार की खुशियां बांटने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में क्लब के पदाधिकारी दिव्यांग बच्चों के साथ दीपावली से संबंधित उपहार देकर बच्चों के चेहरे पर खुशियां लाने की कोशिश की गई। समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों के बिना मेरा कोई त्योहार पूरा नहीं होता। इस अवसर पर परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शंकर लाल,आदर्श कुमार, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

पट्टे की जमीन पर बने कच्चा मकान को दबंगों ने किया कब्जा, शिकायत

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टे की जमीन पर महिला ने कच्चा मकान बनाया था जिसको दबंग पड़ोसियों ने कब्जा कर लिया। पीड़िता विधवा ने विरोध किया तो उसे मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए। कोतवाली इलाके के ढिढूई गांव निवासिनी विधवा प्रभावती देवी पत्नी हरिलाल ने सोमवार की दोपहर प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि ग्राम सभा में गाटा संख्या 461 में पट्टा मिला था जिस पर वह कच्चा मकान बनाई है। दबंग पड़ोसियों ने उसे पर कब्जा कर लिया उसने जब विरोध किया तो उसे मारने पीटने के लिए दौड़ा लिए, पीड़िता ने भाग कर अपनी जान बचाई। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर रही है।

ठेला चोरी करते सीसीटीवी में कैद हुए चोर

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। कस्बे के एक युवक अपने घर के सामने ठेला खड़ा किया था। जिसे दोपहर में अज्ञात चोर उठा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पट्टी कस्बा वार्ड नंबर पांच के निवासी राकेश कुमार सरोज ने प्रार्थना पत्र दिया है कि वह अपने घर के सामने ठेला खड़ा कर घर के अंदर काम कर रहा था। इस दौरान मंगलवार की दोपहर उसका ठेला चोरी हो गया। बगल लगे सीसीटीवी फुटेज में ठेला ले जाते चोर का फोटो कैद हुई है। पीड़ित ने थाने पर अज्ञात चोर के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बता दे की पट्टी कस्बे में नहीं थम रही है चोरी की घटनाएं आए दिन चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं पुलिस निष्क्री साबित हो रही है।

पटरी से उतरे ट्रेन के दो डिब्बे, परिचालन प्रभावित, यात्री परेशान

शंटिंग के समय मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर हुआ डिरेलमेंट, मचा हड़कंप

लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंचे डीआरएम ने दिए जांच के निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मुसाफिरों से खाली ट्रेन की दो बोगी पटरी से उतर गई। इससे ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया। ट्रेनों को जगह जगह रोक कर चलाया गया। जिससे यात्रियों को दिक्कतें आई। यह डिरेलमेंट मंगलवार को सुबह करीब साढ़े पांच बजे शटिंग के दौरान हुआ। दुर्घटना की जानकारी होने पर डीआरएम पूरे लाव लश्कर के साथ मौके पर पहुंच कर कैंप शुरू कर दिए है। उन्होंने घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। फिलहाल घटना को लेकर

पटरी से उतरे ट्रेन के डिब्बे की तजांच करते डीआरएम।

हड़कंप मचा हुआ है। लोग अपनी गर्दन बचाते नजर आ रहे हैं।

मंगलवार को सुबह करीब साढ़े पांच दस डिब्बे की एक ट्रेन की शटिंग हो रही थी। बताया जाता है कि खाली ट्रेन को जेल रोड क्रासिंग की तरफ जाकर फिर से वापस आना था। ट्रेन के दो डिब्बे जाते समय ही पटरी से उतर गए। यह कैसे हुआ। डीआरएम स्वयं आकर इसकी

दस घंटे प्रभावित रहा ट्रैक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। डिरेलमेंट की वजह से मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन और चिलबिला के बीच ट्रेनों का आवागमन करीब दस घंटे प्रभावित रहा। इस दौरान इस रूट की ट्रेनों को जगह जगह रोक दिया गया। आउटर पर ट्रेनों को रोक रखा। दोपहर करीब तीन बजे रूट बहाल हो सका।

जांच करा रहे हैं। डिरेलमेंट की वजह प्वाइंट का फेल होना ट्रैक में गड़बड़ी हो सकती है या स्पीड का अधिक होना, सिग्नल का फेल होना, ट्रेन का ओवर शूट कर जाना, ट्रेन का ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकरा जाना। ट्रैक फ्रैक्चर का होना इत्यादि। करीब इतने सारे बिंदु डिरेलमेंट की वजह बन सकते हैं। खास बात यह है कि डिरेलमेंट के बाद दोनों डिब्बे के आगे के ही चक्के उतरे हुआ। जो किसी विशेष वजह की तरफ इशारा कर रहे हैं।

क्या कहते है डीआरएम?

प्रतापगढ़। इस बारे में डीआरएम लखनऊ मंडल का कहना है कि शटिंग के समय ट्रेन डिरेलमेंट हुई। जिसमें उसके दो कोच पटरी से उतर गए थे। घटना की जांच कराई जा रही। उसके बाद ही दोषी कौन है पता चलेगा।

स्वर्ण पदक पाने वाली शहरीन को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। साकेत गर्ल्स पी0जी कॉलेज दहिलामऊ की छात्रा कु0 शहरीन बानों ने प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित डॉ0ए0एच0 रिजवी डिग्री कॉलेज, कौशाम्बी में अन्तर्महाविद्यालयी एथेलेटिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जिसमें गोला फेक में प्रथम स्थान अर्जित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा भाला फेक में द्वितीय स्थान अर्जित कर रजत पदक प्राप्त किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव ने कु0 शहरीन बानों को ढेर सारी बधाई

शहरीन को सम्मानित करतीं महाविद्यालय की प्राचार्य नीलिमा श्रीवास्तव

देते हुए अन्तर्विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु सहमति प्रदान की। उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक संजय पाण्डेय को जिम्मेदारी सौंपी कि अन्तर्विश्वविद्यालयी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु आवश्यक प्रशिक्षण देने का कष्ट करे। साथ ही डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रभा शर्मा, श्रीमती ज्योति सिंह, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, डॉ0 हेमन्त कुमार वर्मा सहित समस्त अध्यापकों ने कु0 शहरीन बानों को बधाई दी।

जूबाए कार्यकारिणी के कई सदस्य हुए निर्विरोध

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन प्रतापगढ़ के चुनाव में वरिष्ठ कार्यकारिणी पद हेतु राहुल श्याम गुप्ता समेत सभी सदस्य निर्विरोध घोषित हुए। कनिष्ठ कार्यकारिणी पद हेतु सचिंद्र सिंह प्रणव त्रिपाठी अतुल सिंह पवन सिंह भूपेंद्र सिंह समेत सभी प्रत्याशी निर्विरोध घोषित हुए हैं। संकट मोचन धाम पर सभी निर्विरोध प्रत्याशियों का माला पहनकर स्वागत किया गया।

अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। मॉर्निंग वॉक के लिए निकली घर से महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। सपा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उमरा गांव के रहने वाले सपा नेता की मां राजदेई पत्नी उमाशंकर यादव दाउदपुर सैफाबाद संपर्क मार्ग पर घर से सुबह साढे. पांच बजे के करीब मॉर्निंग वॉक पर गई थी कि दाउदपुर की तरफ से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर मौत हो गई घटना के बाद ड्राइवर तेजी से सैफाबाद की तरफ भागने लगा सड़क के किनारे बने लाल जी निषाद के घर के परिवार के लोग सड़क के पास कुर्सी पर बैठकर चाय पी रहे थे कि अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बाल बाल बचे अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से सड़क के किनारे लगे बिजली के दो पोल तोड़ते हुए ट्रक चालक धनसर गांव की गलियों से भागने लगा ग्रामीणों ने ट्रक का पीछा कर ट्रक लेकर भाग रहे ड्राइवर को पड़कर पुलिस को सौंप दिया।

भूत प्रेत को लेकर चले लाठी डंडे महिलाओं समेत तीन घायल

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। भूत प्रेत को लेकर हुई मार-पीट में महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं। घायल थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। लवेदा गांव निवासी सरिता पत्नी बबलू ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि भूत प्रेत को लेकर मंगलवार को दिन में करीब एक बजे पड़ोसियों ने लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आए और मारपीट करने लगे। इस मारपीट में सोनम, ललू, सरिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी वाहन से लेकर परिजन कोतवाली पहुंचे।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बनाई रंगोली व रंगे दीप

हैप्पी टाइम स्कूल में हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। धनतेरस के अवसर पर बच्चे रंगोली बनाकर दीपावली का आगाज करते हैं। इसी क्रम में आज नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में छोटे-छोटे बच्चों ने दीपों को रंगने और रंगोली बनाने का अनोखा दृश्य प्रस्तुत किया।

जब दीपों को रंगोली बनाकर

मोर की रंगोली बनाते छात्राएं।

उसमें रखकर जलाया गया तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पीजी, नर्सरी व केजी के बच्चों को दीपक को रंगने व कलश बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी और कक्षा-दो से पांच तक के बच्चों ने आठ रंगोली की टीम बनाकर उसमें दीपक जलाकर सबका मन मोह लिया। इसमें सबसे अच्छी रंगोली मोर की थी जिसमें वैष्णवी, राधिका, सृष्टि, सरिता, रिया, कोमल ने बनाया था। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि बच्चों में बहुत प्रतिभा है। आवश्यकता है इन्हें अवसर देने की। रंगोली से सुख शांति आती है और तनाव कम होता है। बच्चों को प्रेरित करने में उमेश श्रीवास्तव, सौम्या ओझा, सृष्टि तिवारी, स्वेच्छा, शिवानी प्रजापति, सीमा पटेल व ममता शामिल थीं।

भारत रत्न लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की धूमधाम से मनायी गयी जयन्ती

● राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की दिलायी गई शपथ

कौशाम्बी। राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की 149वीं जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी इस अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह ने सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को ह्यह्यराष्ट्रीय एकता दिवसह्लह्ल के रूप में मनाये जाने के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को ह्यह्यमैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनायें रखने के लिए स्वंय को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका है। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेता हूँ की शपथ दिलायी गई। अपर जिलाधिकारी ने लौह पुरूष की जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यद्यपि सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती 31 अक्टूबर को है लेकिन शासन द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में आगामी 31 अक्टूबर 2024 को दीपावली का त्यौहार एवं अवकाश होने के कारण आज ही हम सब सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मना रहें हैं। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शो एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धाजली होगी।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आकाश सिंह, कलेक्ट्रेट नाजिर सुनील सिंह एवं कनिष्ठ लिपिक श्रीमती प्रिया सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 मतदाता पंजीकरण केन्द्र का शुभारंभ

कौशांबी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कौशांबी के ऑडिटोरियम हाल में आज जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता पंजीकरण केंद्र का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी तहसीलदार, प्राचार्य डायट, और जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में युवाओं, प्रशिक्षुओं और बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को मतदाता पंजीकरण और पुनरीक्षण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को जागरूक करना और अधिक से अधिक युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करना था। अपर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान सभी पात्र युवाओं का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को मतदान की महत्वपूर्णता और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया, ताकि वे अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों को समझें और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 2025 के विधानसभा चुनावों से पहले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है। इस अवसर पर डायट के सभी प्रवक्ता, कार्यालय स्टाफ एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

कालेज में धूमधाम से मनाया गया सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन

हर्रायपुर कौशाम्बी। एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर ,मूरतगंज में दीपावली का पर्व व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा बच्चों को पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला तथा बताया कि इन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया तथा समस्त स्टाफ व बच्चों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी प्रधानाचार्य महेश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि दीपावली का पर्व कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है यह पर्व धनतेरस से शुरू होकर भैया दूज तक 5 दिनों तक यह त्यौहार मनाया जाता है जिसमें पहले दिन धनतेरस दूसरे दिन अनंत चतुर्दशी (छोटी दिवाली), तीसरे दिन दीपावली, चौथे दिन गोवर्धन पूजा ,पांचवें दिन भैया दूज पौराणिक कथा के अनुसार इस दिन भगवान श्री राम लंका के राजा रावण का वध कर अयोध्या वापस लौटे थे उनके आने की खुशी में नगर वासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था तभी से दीपावली का पर्व मनाया जाने लगा।। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव अभिषेक साहू ,सुनील सिंह, कुलदीप साहू,एसपी यादव राधा रानी ,सरोज अग्रवाल आकांक्षा पाल नंदिता पाल आकांक्षा यादव ममता देवी आरती श्रीवास्तव रजवंती मनीषा विश्वकर्मा महरोज फात्मा ज्योति सैनी, मुन्नी देवी, कल्लो देवी उमेश यादव अजय यादव, संतलाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती

अझुवा कौशाम्बी। धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित भी किया गया सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर वक्ताओं ने विस्तार से चर्चा कर छात्र-छात्राओं को उनके बारे में बताया उप प्रधानाचार्य रामशंकर सिंह के द्वारा देश की अखण्डता के लिये छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई गयी इसी क्रम में विद्यालय में रन फॉर यूनिटी का आयोजन भी किया गया जिसमें तमाम छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया इस कार्यक्रम के अवसर पर आदित्य सिंह,राकेश गुप्ता,राकेश मौर्य,राजेश कुमार,सुमेश कुमार,चन्द्रपाल सिंह,बच्ची लाल आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे

कार व पिकप की जोरदार टक्कर तीन गम्भीर घायल

कोखराज कौशाम्बी कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम हनुमान मंदिर के पास कार व पिकप में जोरदार टक्कर हुई जिसमें कार सवार प्रदीप कुमार उम्र 45 वर्ष पुत्र बाबूलाल साहिल 40 वर्ष, आदित्य पुत्र प्रदीप कुमार निवासी बैराहना रोड कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके में लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गयी सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है। बताया जाता है कि कार सवार कानपुर से चलकर प्रयागराज में अपने मौसी के यहाँ बहन के लिए रिश्ता देखने जा रहे थे जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के काशिया पश्चिम हनुमान मंदिर के पास पहुंचे पिकप गाड़ी में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें तीन लोगों को गम्भीर चोटें आई है मौके पर पहुँची ग्रामीणों की भीड़ ने कार सवार घायलों को कार से निकाल कर एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है।जबकि पिकप चालक भी कानपुर से आ रहा था वह रोड निर्माण में लगने वाला तेल लाद कर वह भी प्रयागराज जा रहा था कार के टक्कर से उसके दोने पिछले टायर फट गए है

युवती की मौत के बाद धुमाई गांव में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

अझुवा कौशांबी कड़ा ब्लॉक के धुमाई गांव में बीते दिन एक युवती की मौत हो गई थी जिसे परिजनों ने डेंगू से मौत का कारण बताया था जिसका समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशन किया गया था जिस पर संज्ञान लेकर अझुवा पीएचसी अधीक्षक डॉ विकास यादव ने गांव घुमाई में स्वास्थ्य शिवर का आयोजन कराया जहां 16 लोगों को दवाओं का वितरण किया गया 8 लोगों की मलेरिया डेंगू की जांच कराई गई जिसमें सभी रिपोर्ट निगेटिव आई है।इस शिविर में एलटी सौरभ,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुनिला अशोक ,संतोष,नायब राम मौजूद रहे। मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए एंटीलार्वा का पूरे गांव में छिड़काव किया गया है।

खाद के लिए मारामारी, किसान लाइन में खा रहे धक्के

अझुवा कौशांबी। रबी की फसल बुआई के लिए किसान तैयारी कर दिए हैं लेकिन किसानों को समय से खाद नहीं मिल पा रही है। खाद वितरण केंद्र में दो बोरी खाद के लिए किसानों को मशक्कत करनी पड़ रही है। सुबह से लेकर शाम तक लंबी लाइन के बीच खड़े किसान धक्का मुक्की खाने को मजबूर हैं। इसके बाद भी उनको समय से खाद नहीं मिल रही है। इससे किसान निराश होकर घर लौट जाता है। आदर्श नगर पंचायत अझुवा में खाद बांटने की सहकारी समिति हैं मंगलवार को किसान सहकारी समिति में लंबी लाइन लगी रही। जहां कुछ किसान एक दूसरे को धक्का मुक्की कर रहे थे। किसानों का आरोप है कि केंद्र के जिम्मेदार मशक्कत के बाद दो बोरी डीएपी खाद दे रहे है । वही अपने चहेतो को मनमानी तरीके से जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध करा रहे है ।वहीं सचिव हुकुम सिंह ने बताया 200 बोरी डीएपी खाद मंगलवार को आई थी 170 बोरी बट चुकी है। बाकी खाद किसानों को बांटी जा रही है। जब दुबारा खाद आएगी तो फिर वितरण किया जाएगा।

एमवी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के छात्रों ने रंगोली में प्रथम स्थान प्राप्त किया

कौशांबी। एमवी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज, रसूलाबाद उर्फ कोईलहा पुरामुफ्ती में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं कॉमर्स के छात्रों ने अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने अद्वितीय और रंग-बिरंगे रंगोली डिजाइनों से सभी को प्रभावित किया। 11वीं कॉमर्स के छात्रों की रचनात्मकता और मेहनत ने उन्हें विजेता बना दिया। प्राचार्य ने छात्रों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।विद्यालय के अन्य छात्रों ने भी रंगोली प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी कला का प्रदर्शन किया।

एसवीएनपीजे स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

कौशाम्बी। एसवीएनपीजे स्कूल भरवारी के छात्र-छात्राओं ने दीपावली पर्व के पूर्व आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है दीपावली की अवसर पर स्कूल में बच्चों को रंगोली कार्यक्रम का प्रतियोगिता रखा गया है जिसमें कई बच्चों ने भाग लिया है जिन बच्चे ने रंगोली बनाई हैं उनको स्कूल की ओर से पुरस्कार भी दिया गया है नीलम सपना शिवानी सृष्टि सुरेंद्र मधु श्रेया सोनम रोशनी प्रियांशु अनुष्का अंशु नागेंद्र विनय कृष्णा अंकित साहिल आदि छात्र छात्राओ ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया है बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओ को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया है।

रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

कौशाम्बी। मंझनपुर विकास खंड में स्थित वी आर एस कॉन्वेंट एवं स्कूल द्वारा धनतेरस के पावन पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में बच्चों ने भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के रंगो से सजावट कर रंगोली तैयार की और बच्चों ने रंगोली बनाकर धनतेरस व दीपावली पर्व को मनाया बच्चों ने एक दूसरे को पर्व की बधाई दी साथ ही उनके जीवन में दीपावली खुशियां लेकर आए इसकी शुभकामनाएं दी और इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अंकुर सिंह ने सभी बच्चों तथा सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं को दीपावली व धनतेरस पर्व की शुभकामनाएं दी । इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कंचन सिंह व उपप्रबंधक आकाश सिंह और अध्यापक के रूप में उपस्थित आदित्य श्रीवास्तव गंभीर सिंह यादव आदर्श सोनी महक अग्रहरि अमित विश्वकर्मा शीलू विश्वकर्मा श्रेया मिश्रा मोहिनी सिंह मोहिनी यादव सुनील कुमार प्रखर सिंह प्रांचल जायसवाल एवं सहयोगी दल के रूप में विमल सिंह राजकुमार पाल आदि लोग मौजूद रहे।

निर्भीक होकर धनतेरस व दीपावली का त्यौहार मनाए क्षेत्र के लोग : कोतवाल

कोखराज कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहा में आज धनतेरस व दीपावली को लेकर आसपास पैदल गस्त करते हुए कोखराज एसओ दुर्गेश कुमार गुप्ता ने आम जनता से मुलाकात कर खरीददारी कर रहे लोगों से व्यवस्था का हाल-चाल जाना और लोगों से कहा कि दीपावली धनतेरस का त्यौहार अमन चैन के साथ निर्भीक होकर मनाएं धनतेरस व दीपावली के त्योहार को लेकर बाजारों में पैदल गस्त कर लोंगो को सुरक्षा व निर्भीक होकर दुकानों पर ब्यापार करने को कोतवाल ने कहा उन्होंने कहा कि कोई भी आरजकता व परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे पैदल गस्त के दौरान हमराहियों के साथ कोतवाल शराब के ठेके पर पहुँच गए और ठेके पर भीड़ देख कर उन्होंने कहा कि आइंदा से ठेके पर भीड़ ना लगने पाए और हिदायत दी कि रोड पर कोई भी दारू पीता हुआ नही दिखना चाहिए यदि मना करने के बाद भी नहीं माने तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

पारिवारिक कलह से अजिज युवक ने रेल से टकराकर दी थी जान

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली के भैरम बाबा के निकट बीती शाम सोमवार को दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग के डीएफसी लाइन के अप लाइन पर एक युवक का शव मिला था जिसकी शिनाख्त नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 3 शांतिनगर निवासी उमेश 27 वर्ष पुत्र स्व. जग्गा सरोज के रूप में हुई परिजनों ने बताया युवक की ससुराल धूमाई गांव के खरका पर ससुराल थी मृतक युवक एक पुत्र और एक पुत्री का पिता था, पत्नी से मृत युवक का हमेशा विवाद रहता था।इसी गृह क्लेश में युवक ने रेल से कटकर जान दे दी पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है

महिला के घर में घुसकर दबंगों ने किया मारपीट

मंहगांव कौशांबी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज की रेशमा बानो के घर 28 अक्टूबर की रात चाकू डंडे लेकर चार हमलावर घुस गए और गाली गलौज कर महिला से मारपीट की है महिला का कहना है कि हमलावरो ने उसे धमकी दी है कि तुम्हारे परिवार के लोगों को गोली मार कर मौत के घाट उतार देंगे। महिला से मारपीट के दौरान छीना झपटी में एक हमलावर का चाकू गिर गया है आवाज सुनकर मौके तमाम लोग पहुंच गए और जब हमलावरों को लोगों ने ललकारा तो हमलावर भागने लगे जिससे गिरकर एक हमलावर घायल भी हो गया है।

मंझनपुर बाजार में डीएम ने पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

जिलाधिकारी ने सराफा दुकानदारों से दुकानों में सीसीटीवी को लगातार क्रियाशील बनाये रखने एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने की दी हिदायत

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ मंझनपुर बाजार में पैदल गस्त किया। इसके साथ ही उन्होंने सराफा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार सीसीटीवी क्रियाशील हैं या नहीं को देखा इसके साथ ही उन्होंने सराफा दुकानदारों से कहा कि सीसीटीवी को लगातार क्रियाशील रखा जाय। उन्होंने बाजार के अन्य दुकानदारों सहित आम लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा.निर्देश दियें। उन्हांने सराफा कारोबारियों सहित अन्य दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। गस्त के दौरान जिलाधिकारी ने जो दुकानदार अपनी दुकानें बाहर पटरी तक लगाये हुए थे, उन्हें अन्दर करने को कहा, जिससे बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न न होने पाये।

पूर्व सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का पर्व

कौशांबी। जनपद के पूर्व सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले के सभी पूर्व सैनिकों को दीपावली की शुभ कामनाएं एवं सम्मान समारोह का आयोजन बड़े धूम धाम एवम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंझनपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी थे विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश परिवहन मंझनपुर डिपो यूनियन अध्यक्ष ठाकुर राज कुमार सिंह थे सम्मान समारोह में सर्व प्रथम सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह के द्वारा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को बुक्का भेट कर स्वागत किया गया एवं विशिष्ट अतिथि मंझनपुर बस डिपो यूनियन अध्यक्ष ठाकुर राज कुमार सिंह का सूबेदार मदन के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीपावली सम्मान समारोह में उपस्थित उन्नीस सौ बासठ पैंसठ और इकहत्तर के युद्ध विजेता पूर्व सैनिक मोती लाल यादव राम सिंह यादव नन्हू सिंह राम स्वरूप अमृत लाल यादव एवं कारगिल युद्ध विजेता मदन सिंह एवं सुप्रीम कोर्ट असिस्टेंट पद पर सलेक्टेड पूर्व सैनिक सुनील कुमार मिश्र को सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह एवं मुख्य अतिथि वीरेंद्र फौजी के द्वारा माला पहना कर अंगवस्त्र साल भेट कर स्वागत करते हुए शुभ कामनाएं दे कर उनसे कुशल समाचार पूछा गया मुख्य अतिथि वीरेंद्र फौजी ने अपने संबोधन में सभी पूर्व सैनिकों को अश्वासन दिया की अगर किसी भी फौजी का नगर पालिका में कोई काम होता है तो हमें जरूर बताए हम उसको हल करवाने की कोशिश करेंगे तत्पश्चात कर्नल अमित कुमार सिंह के द्वारा सभी पूर्व सैनिकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए एक नवंबर से लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग कभी भी कार्यालय में आ कर फ्री ऑफ कास्ट लाइफ सर्टिफिकेट जमा कर सकते हैं यह सुविधा सभी पूर्व सैनिकों के लिए फ्री में किया गया है इस दौरान पूर्व सैनिक महेंद्र कुमार सिंह मदन सिंह संजीव कुमार चौरसिया मनोज कुमार सिंह तोमर भैया लाल यादव मनोज कुमार चौरसिया सुनील कुमार मिश्रा कृष्ण दत्त ओझा अजय कुमार त्रिपाठी बड़े लाल यादव नियाज अहमद अजीज अहमद अमृत लाल यादव राम सिंह एवं सैकड़ों पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

विषैले जंतु के काटने से किशोर की मौत

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरई गांव में शौच के लिए गए किशोर को जहरीले जंतु ने काट लिया , बेसुध अवस्था में घर पहुंचे किशोर को घरवालों ने देखा तो आनन फानन में इलाज के लिए ले गए जहां किशोर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया अटसरई गांव का रहने वाला सूरज 11 वर्ष पुत्र इंद्राज मंगलवार की सुबह घर से शौच के लिए निकला था जिसके बाद किशोर बेसुध अवस्था में पाया गया परिजनो ने देखा तो जहरीले जंतु के काटने की आशंका जताते हुए आनन फानन में इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान किशोर ने दम तोड़ दिया किशोर की मौत की खबर पर घर परिवार में कोहराम मच गया।

मिठाई खरीदने के पहले हो जाएं सावधान! मिठाई के नाम पर जहर तो नहीं खा रहे हैं आप

घटिया पाउडर से बन रही है खोवा छेना की मिठाई कारखाने में दूध खोवा छेना का नहीं चल रहा पता

महीना मिलने से घटिया मिठाइयों की जांच कराने को नहीं तैयार दिखाई पड़ रहा है फूड विभाग

कौशाम्बी। दूध खोवा पनीर से बनने वाली मिठाइयां इन दिनों घटिया क्वालिटी के पाउडर से बनाई जा रही हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है पाउडर से बनी मिठाइयों को खाने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है जिससे कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है हार्ट अटैक लकवा ब्रेन हेमरेज जैसे गंभीर मर्ज से लोग पीड़ित होते हैं पाउडर की मिठाइयां खाने से लिवर फेल हो जाता है और मनुष्य लगातार अस्वस्थ रहने लगता है लेकिन दूध खोवा और पनीर से बनने वाली मिठाइयां इन दिनों बड़े-बड़े दुकानों में पाउडर से बनाया जाता है कादीपुर पेट्रोल पंप के पास गली के अंदर मिठाई का कारखाना संचालित हो रहा है और सड़क पर मिठाई का केंद्र खोला गया है इसके अलावा मंझनपुर सहित जिले के विभिन्न स्थानों में घटिया पाउडर से बर्फी छेना रसगुल्ला सहित विभिन्न मिठाइयां बनाकर बेची जा रही है जिन दुकानों में कई कुंतल मिठाई रोज बिक रही है उस दुकान में आपको 1 किलो खोवा पनीर और दूध नहीं दिखाई पड़ेगा लेकिन कई कई कुंतल दूध खोया पनीर के नाम की मिठाइयां दिन भर में बिक जाती है। पाउडर से बनने वाली मिठाइयां दूध खोवा पनीर के मुकाबले कम कीमत में होती है जिससे आधे से कम कीमत पर इन मिठाइयों को बाजार के मिठाइयों के दुकानों तक पहुंचाया जाता है अधिक कमाई के चलते जिले के अन्य कस्बे के मिठाई दुकानदार भी कादीपुर की फैक्ट्री से मिठाई खरीद कर ले जाते हैं और जहर बेच रहे हैं अस्पताल स्कूल वा अन्य संस्थाओं द्वारा उपहार में दी जाने वाली मिठाइयां सस्ती होने के चलते इसी कारखाने से अधिक खरीदी जा रही है इसलिए उपहार पाने वाले भी जहर खाने के पहले सावधान हो जाए चचाओं पर जाए तो जहर बेचकर मानव जीवन के स्वास्थ्य को खराब करने वाले इन व्यापारियों से 50000 महीने फूड कार्यालय तक पहुंचाया जा रहा है जिसके चलते पूरे जिले के लोगों को मौत के मुंह में धकेलना के लिए फूड इंस्पेक्टर तैयार खड़े हैं बताया जाता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा और उसके आसपास के क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक लोगों ने कौशांबी में डेरा जमा लिया है जहां पाउडर से मिठाई बनाकर मौत बाटी जा रही है मिठाई के नाम पर मौत बांटने वाली इस फैक्ट्री से दीपावली पर 1000 कुंतल मिठाई बेचने का लक्ष्य रखा गया है लेकिन दूध पनीर खोवा का पता नहीं है बीते कई वर्षों से संचालित मिठाइयों के नाम पर मौत बांटने वाली फैक्ट्री की जांच करने का प्रयास अभी तक फूड विभाग के अधिकारियों ने नहीं की है जिले के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए पाउडर से बनने वाली मिठाइयों की जांच कर मिठाइयां नष्ट कराए जाने की मांग की है।

सम्पादकीय

जनगणना का बहुप्रतीक्षित फैसला

पूरे चार वर्ष के विलम्ब से ही सही, अंततः केन्द्र सरकार ने अगले साल यानी 2025 में देश में जनगणना कराने का फैसला लिया है। यह काम कम से कम एक वर्ष तक चलेगा और आंकड़ों के परीक्षण, वर्गीकरण एवं अंतिम जनसांख्यिकीय के प्रकाशन में एक और साल लग जाने का अनुमान है। यानी 2026 तक ही यह काम पूरा हो सकेगा। वैसे लक्ष्य यही होगा कि 2028 तक होने वाले परिसीमन तक यह बड़ा काम पूर्ण हो जाये। सामान्य तौर पर जनगणना का उद्देश्य सामाजिक विकास के उद्देश्यों को ध्यान में रखा जाता है परन्तु लगता है कि केन्द्र सरकार ने 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव को सामने रखकर यह फैसला लिया है। 2025 में जनगणना कराने के कारण अगली 2035 में होगी। भारत में 1872 में पहली जनगणना हुई थी जिसे लॉर्ड मेयो की देखरेख में कराया गया था। हालांकि इस गणना का परीक्षण आदि हेनरी वाल्टर के अधीन हुआ था इसलिये उन्हें ही भारतीय जनगणना का जनक माना जाता है। ब्रिटिश उपनिवेश होने के कारण भारत में भी दशक की शुरूआत में जनगणना कराने की व्यवस्था हुई। अब लगभग पूरी दुनिया में जगगणना का समय यही होता है। इस परम्परा का निर्वाह करते हुए स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना 1951 में हुई जो हर साल बदस्तूर जारी रही। इसके कारण भारत को विश्व भर के देशों द्वारा होने वाली जनगणना के साथ तालमेल करने में सुविधा होती है। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। आर्थिक जनगणना का प्रारम्भ 1976-77 में हुआ था। इसका उद्देश्य देश की आर्थिक संरचना का विश्लेषण करने के लिये होता है। इसमें देश की आर्थिक संस्थाओं के आंकड़े एकत्र किये जाते हैं जो केन्द्र या राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं बनाने में सहायक होते हैं। सम्प्रभु भारत में 15 बार बिला नागा होने वाली जनगणना को आजाद हिन्दुस्तान में पहली बार 2021 में कोविड-19 के कारण टाला गया था। हालांकि परिस्थितियां 2022 तक ऐसी हो चुकी थीं कि जनगणना कराई जा सके लेकिन देश की प्रशासकीय अराजकता के लिये यह मुफीद था कि जनगणना न हो। कोरोना के कारण लोगों के मरने वालों की संख्या, भूख से प्रभावित लोग, बेरोजगार आदि की संख्या आज भारत सरकार के पास नहीं है। रोजगार पर हुई एक बहस में सरकार ने संसद तक में बताया कि उसके पास इसके आंकड़े नहीं हैं। जितने भी योजनाएं चल रही हैं, उनमें हितग्राहियों या जरूरतमंदों सम्बन्धी तमाम आंकड़े संदेहास्पद हैं। इसके कारण कोई भी कार्यक्रम वैज्ञानिक आधार पर क्रियान्वित नहीं हो रहे हैं। केन्द्र सरकार ने 2019-20 में आर्थिक जनगणना तो कराई पर उसका आधार 2011 के ही पुराने आंकड़े थे। बताया जाता है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के दो निर्णयों का असर इन आंकड़ों में सच्चाई के साथ परिलक्षित नहीं हुआ है- नोटबन्दी एवं जीएसटी जिन्होंने भारत के आर्थिक परिदृश्य पर बहुत विपरीत प्रभाव छोड़ा था, परन्तु लोगों की वास्तविक वित्तीय स्थिति को कभी उजागर नहीं किया गया। स्पष्टतः ऐसा इन दो कदमों को गलत साबित होने से बचाने के किया गया। संसद में भी पहले-पहल इन दोनों निर्णयों को सकारात्मक पहल तो बताया गया पर बाद में उन पर चर्चा बन्द हो गयी।

वोकल फॉर लोकल उत्पादों संग मनाएं दिवाली !

सुनील कुमार

दीपावली रौशनी का त्योहार है। यह उमंग-उत्साह, उल्लास, खुशियों व आपसी सौहार्द, मेल-मिलाप का त्योहार है। देखा जाए तो यह त्योहार पर्यावरण की रक्षा करने, पर्यावरण को शुद्ध, सुंदर व संतुलित रखने का भी त्योहार है। यह हमारे देश की सांस्कृतिक परंपराओं को जिंदा रखने, हमारे संस्कृति-संस्कार, बुराई पर अच्छाई की जीत का पावन व पवित्र त्योहार है, लेकिन पिछले कुछ सालों से दीपावली पर पटाखों से होने वाला वायु व ध्वनि प्रदूषण जहां एक ओर हमारे पर्यावरण को दूषित कर रहा है वहीं दूसरी ओर इसके मानव व जीवों के स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरे प्रभाव पड़ रहे हैं। ऐसे में हम सभी को यह जरूरत है कि हम दीपावली को ग्रीन पटाखों, रंगोली, मांडणा, वोकल फॉर लोकल उत्पादों का प्रयोग कर मनाएं। हम दिवाली पर अपनों को गिफ्ट दें और गिफ्ट्स का आदान-प्रदान कर दिवाली मनाएं। आज हमारे यहां दिवाली पर चाइनीज लाइटों, झालरों की भरमार है और वे खूब बिक रही हैं। आज फैंसी लाइटों, सजावट के विभिन्न सामानों से हमारे बाजार पटेल पड़े हैं और बाजार में इनकी भरमार है। देसी सामान/देसी उत्पादों की ओर हालांकि लोग धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं लेकिन विशेषकर चीन में बने उत्पादों में आज भी हमारा विश्वास कुछ ज्यादा ही है, इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था को भी कहीं न कहीं बट्टा लग रहा है। आज चायनीस खिलौने, पटाखे हर गली हर मोहल्ले बिकते देखें जा सकते हैं, क्यों कि ये बहुत सस्ते हैं। हमें यह चाहिए कि हम मिट्टी के दीपकों का इस दीपावली ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें और विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करें। बाजार से हम मिट्टी के दीयों के अलावा देसी सामान जैसे कि तोरन, बंदनवार, हैंगिंग व पानी वाले दीये, मेटल के धीरे खरीदें। बाजारी मिलावटी मिठाईयों से बचें और घर पर ही मिठाईयां तैयार करें अथवा किसी अच्छे ब्रांड या किसी अच्छी दुकान से बढ़िया मिठाईयां खरीदें। एक अनुमान के अनुसार दिवाली पर अपनों को गिफ्ट देने में करीबन 1.85 लाख करोड़ रुपए भारतीयों द्वारा खर्च किए जाने का अनुमान है जो कि बहुत बड़ी धनराशि है। आज पारंपरिक मिठाईयों के स्थान पर महंगे एंड्रॉयड फोन, कपड़े, इलैक्ट्रोनिक आइटम्स, गहने और अन्य उपहारों पर खर्च करने की होड़ बढ़ी है। हम सादगी, संयम को भूल रहे हैं और आधुनिकता के रंग में रंगकर त्योहारों के अर्थ को एक प्रकार से धूमिल कर रहे हैं। आज त्योहार पर दिखावा व बनावटीपन अधिक है। दिवाली पर पटाखे बजाया जाना आम बात है लेकिन हमें यह जानकारी होनी चाहिए कि पटाखों से होने वाले वायु प्रदूषण से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और अन्य सांस संबंधी रोगों के मामले 30% तक बढ़ जाते हैं। पटाखों से निकलने वाला हानिकारक रसायनों से भरा धुआं बच्चों व बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से घातक होता है। वैसे भी हमारे बड़े शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक में कमी नहीं आ रही है। आज हर जगह जहरीली हवा है। कोई भी आज मेट्रो सीटीज में बिना मास्क नहीं घूम सकते हैं। राजधानी दिल्ली की ही बात करें तो दिल्ली समेत एनसीआर (नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम) में वायु प्रदूषण का कहर जारी है। दिवाली के आसपास ही पराली का सीजन भी होता है। कुछ समय पहले एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी दैनिक के हवाले से यह खबर आई थी कि दिल्ली में वायु प्रदूषण विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा से 8 गुना अधिक है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों और बीमारियों ने साल 2021 में दुनिया भर में 8.1 मिलियन लोगों की जान ले ली, जिनमें से चार में से एक मौत भारत में हुई, यह चौंकाने वाला तथ्य है। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि चीन (2.3 मिलियन मौतें) और भारत (2.1 मिलियन मौतें) ने 2021 में वायु प्रदूषण से होने वाली दुनिया की 55% मौतों को साझा किया। पीटीआई की एक खबर के अनुसार भारत में सभी स्रोतों से होने वाले बाहरी वायु प्रदूषण के कारण प्रतिवर्ष 21 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। ह्यद बीएमजेह्ल (द ब्रिटिश मेडिकल जर्नल) में

प्रकाशित अध्ययन के अनुसार बाहरी वायु प्रदूषण भारत में प्रति वर्ष 21 लाख 80 हजार लोगों की जिंदगी छीन लेता है। इस मामले में चीन के बाद भारत दूसरे स्थान पर है। वायु प्रदूषण ही नहीं पटाखों से ध्वनि प्रदूषण भी बहुत होता है। पटाखे का जोरदार धमाका 160 डेसिबल तक होता है, जो मानव स्वास्थ्य के साथ ही धरती पर अन्य जीव-जंतुओं/प्राणियों के लिए बहुत ही घातक व खतरनाक साबित होता है। चिकित्सकों के अनुसार पटाखों से कान का पर्दा फटना, सुनाई कम देना, सीटी की आवाज, संपूर्ण बहरापन आदि की समस्या उत्पन्न हो सकती है। जानकारी देना चाहूंगा कि शिवकाशी भारत के तमिलनाडु राज्य के विरुधुनगर जिले का एक शहर है, जो सबसे बड़ा पटाखा कारखाना में से एक है। यह शहर पटाखों और माचिस की फैक्ट्रियों के लिए जाना जाता है, जहाँ देश के 70% पटाखे और माचिस बनाये जाते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत पटाखा उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के बाद भारत में ही सबसे अधिक पटाखे बनाए जाते हैं। आज भी भारत मे पटाखा इंडस्ट्री में बूम देखने को मिलता है। यदि आंकड़ों की बात की जाए तो पिछले साल ही दिल्ली को छोड़कर पूरे देश में खुदरा पटाखों की बिक्री ने छह हजार करोड़ रुपए का आंकड़ा छू लिया था, हालांकि भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने पटाखों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है लेकिन बावजूद इसके भी आज पटाखों की बिक्री धड़ल्ले से होती है और दीपावली के अवसर पर विशेषतया खूब पटाखे फोड़े जाते हैं। वास्तव में हमें दीपावली के अवसर पर यदि पटाखों का प्रयोग करना ही है तो हमें ग्रीन पटाखों का उपयोग करना चाहिए। जानकारी देना चाहूंगा कि ग्रीन पटाखे दिखने और जलाने में सामान्य पटाखों की तरह ही होते हैं, लेकिन इनसे प्रदूषण कम होता है। इन्हें जलाने पर 40 से 50 फीसदी तक कम हानिकारक गैसें पैदा होती हैं। इनके इस्तेमाल से ध्वनि प्रदूषण में भी कमी देखी गई है। ग्रीन पटाखे सामान्य पटाखों की तुलना में आकार में छोटे और हल्के होते हैं, जिससे रॉ मैटीरियल का भी कम उपयोग होता है। ग्रीन पटाखे धूल को अवशोषित करते हैं और इनमें बेरियम नाइट्रेट जैसे खतरनाक तत्व नहीं होते हैं। वास्तव में इन पारंपरिक पटाखों में जहरीली धातुओं को कम खतरनाक यौगिकों से बदल दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित ग्रीन पटाखों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने मंजूरी दी है, इसलिए ग्रीन पटाखों का उपयोग करके हम अपनी परंपराओं का सम्मान करते हुए हमारे पर्यावरण व इस धरती की रक्षा भी कर सकते हैं। वास्तव में ग्रीन पटाखों के उपयोग के साथ ही हमें वोकल फॉर लोकल मतलब स्थानीय देसी उत्पादों के लिए भी आगे आना चाहिए। इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था को जहां एक ओर मजबूती मिलेगी, साथ ही साथ इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर भी पैदा होंगे। दीपावली के मौके पर हम दीए से लेकर रौशनी और सजावट के लिए विदेशी वस्तुओं विशेषकर चाइनीज लाइटों, झालरों, लड़ियों, इलैक्ट्रोनिक आइटम्स की ओर आकर्षित होते हैं, लेकिन हम अक्सर यह बात भूल जाते हैं कि दीपावली पर उन घरों में भी खुशियों के दीपक जलने चाहिए जो सड़क / फुटपाथ, ठेलों , रेहड़ियों या अन्य जगहों पर अपने हाथों से बनाए/तैयार स्थानीय उत्पाद बेचते हैं। आज हम मिट्टी के दीए कम इलैक्ट्रोनिक लाइटों, झालरों, लड़ियों को ज्यादा जलाते हैं और उनकी चमक-दमक से आकर्षित होते हैं और ऐसा करके हम बिजली की खपत तो अधिक करते ही हैं, हमारे स्थानीय उत्पाद तैयार करने वाले कारीगरों को भी कहीं न कहीं हतोत्साहित ही करते हैं। इलैक्ट्रोनिक लाइटों, झालरों को जलाने की बजाय मिट्टी के दीयों को जलाने से न हमें सिर्फ सकारात्मक ऊर्जा ही मिलती है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का सादगीपूर्ण, पारंपरिक व सुंदर तरीका है। इसलिए हमें चाइनीज लाइट्स, मोमबत्तियों और रंग-बिरंगी विदेशी झालरों की बजाय दीयों का इस्तेमाल कर स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसका एक फायदा यह भी होगा कि इससे बिजली की भी खपत नियंत्रित होगी। हमें यह चाहिए कि हम दीपावली पर छोटे,मंझले, स्थानीय कामगारों, व्यापारियों, दुकानदारों, हस्त-शिल्पियों, कारीगरों को अधिकाधिक प्रोत्साहित कर वोकल फॉर लोकल अभियान को तवज्जो देनी चाहिए और हमारे देश की अर्थव्यवस्था, हमारे समाज को और अधिक मजबूत करना चाहिए। हमारी छोटी छोटी पहलों से ही बहुत कुछ संभव हो सकता है। तो आइए, इस दीपावली हम एक स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर भारत के लिए संकल्प लें और अपने भारत को सपनों का भारत बनाएं।

बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं, सच्चाई है

-ललित गर्ग-

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए ह्यहिंदू एकताह्ल के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ह्यबंटोगे तो कटोगेह्ल बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पदार्पाश किया।

श्री होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।ह्ल उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी

आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की।

सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, ह्यलड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है।ह्ल उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। ध्यान रहे कि अभी राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुस्लिम लड़के सलीम ने खुद को संजू बताकर हिंदू लड़की सोनिया को प्यार के जाल में फंसाया। सलीम ने सोनिया के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। सोनिया ने जब शादी दबाव बनाया तो सलीम ने दो दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी और शव को हरियाणा में अपने ननिहाल के गांव में एक खेत में गाड़ दिया।

निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति सचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए।

संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं, विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिये हिन्दू समुदाय को तोड़ने एवं विभाजित करने के लिये तरह-तरह के षडयंत्र कर रहे हैं। एक बार फिर संघ ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश दिया है और इस सन्देश को जिस तरह आकार दिया जाना है, उसका दिशा-निर्देश भी दिया गया है।

आरएसएस महासचिव ने कहा, महात्मा गांधी ने भी स्वराज्य का मंत्र दिया था। ह्यस्वह्ल का मतलब है ह्यस्वाधीनताह्ल, राष्ट्रीय स्वत्व। यहां हिन्दुओं को अपनी परंपरा, अपनी सभ्यता, उसके अनुभवों के साथ व्यवहार करना है, आधुनिकता का पालन करना है, आधुनिकता में भी ह्यस्वह्ल को नहीं भूलना है। इस ह्यस्वह्ल को जीवंतता देकर ही हिन्दू समाज टूटने एवं बिखरने से बच सकता है। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे एकात्ममुख करना जरूरी है। होसबोले के आह्वान का हार्द हिन्दुओं को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नयी शक्ल देने का है। वास्तव में यदि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं तो हमें अपनी सोच और अपने तौर-तरीके बदलने होंगे।

बाल विवाह पर 'बड़ी अदालत' का फैसला

- हेमलता म्हस्के

'बाल विवाह मुक्त भारत' से जुड़े संगठन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक समग्र रणनीति 'पिकेट' पर अमल कर रहे हैं, जिसमें नीति, संस्थान, संम्मिलन, ज्ञान, परिवेश, तकनीक जैसी चीजें शामिल हैं। अभियान के तहत विभिन्न धार्मिक नेताओं और समुदायों के साझा प्रयासों से इस अपराध के खात्मे के लिए 4.90 करोड़ लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलाई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश में कहा गया है कि सरकारें जिला स्तर पर 'चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन ऑफीसर' नियुक्त करें।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को सख्त निर्देश देने से देश में बाल विवाह विरोधी अभियानों में अप्रत्याशित तेजी आने की उम्मीद बढ़ गई है। देश की सैकड़ों स्वयंसेवी संस्थाओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि बाल विवाह कानून को प्रभावी तरीके से लागू करने के अदालती निर्देश से देश से 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को पूरी तरह सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बाल विवाह के कारण किसी को भी अपनी मर्जी से जीवन साथी चुनने के अधिकार का पूरी तरह से हनन होता है। बच्चों के इस अधिकार को सुनिश्चित करने में मौजूदा कानून में खामियां हैं, जिन्हें दूर करना जरूरी है। कोर्ट ने कहा है कि बाल विवाह से, खासकर लड़कियों के सामने ज्यादा मुसीबतें आ जाती हैं। शादी के बाद एक नाबालिग लड़की से बच्चों को जन्म देने और प्रजनन क्षमता साबित करने की उम्मीद की जाती है। बच्चे को जन्म देने के निर्णय लड़की से छीन लिए जाते हैं। एक बच्चे के रूप में विवाहित महिला की पसंद और स्वायत्तता का अधिकार बाल विवाह की प्रणाली द्वारा छीना जाता है। बाल विवाह करा कर नाबालिग लड़कियों को वैवाहिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करने से वे तनाव झेलने को मजबूर होती हैं। गैर-सरकारी संगठन 'सेवा' (सेल्फ एम्प्लायड वीमेंस एसोसिएशन) और सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल गोराना की याचिका पर आए इस फैसले का दो सौ से अधिक संस्थाओं के संगठन 'बाल विवाह मुक्त भारत' ने स्वागत किया है। 'बाल विवाह मुक्त भारत' से

जुड़ी सोलापुर (महाराष्ट्र) की संस्था 'महात्मा फुले समाज सेवा मंडल' के प्रमोद झिंझड़े के मुताबिक 'बाल विवाह मुक्त भारत' देश के 400 से अधिक जिलों में बाल विवाह के खात्मे के लिए सक्रिय है। इस गठबंधन से जुड़ी संस्थाओं ने 2023-24 में पूरे देश में 1,20,000 से भी ज्यादा बाल विवाह रुकवाए हैं और 50,000 बाल विवाह मुक्त गांव बनाए हैं।

प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने फैसले में कहा है कि 'बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम (पीसीएमए) 2006' के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार व प्रशासन को बचाव-रोकथाम-अभियोजन रणनीति के साथ समुदाय आधारित दृष्टिकोण से काम करने की जरूरत है। अदालत ने स्कूलों, धार्मिक संस्थाओं और पंचायतों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता के प्रसार का अहम जरिया बताते हुए बाल विवाह बहुल इलाकों में राज्यों को 'विश्व स्वास्थ्य संगठन' की अनुशंसा के अनुरूप 'सेक्स एजुकेशन' को स्कूली पाठ्यक्रम में जोड़ने की अनुशंसा की है। इस शिक्षा में लैंगिक समानता, प्रजनन स्वास्थ्य अधिकारों और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बाल विवाह के प्रभाव के कानूनी पहलुओं के बारे में स्पष्ट जानकारी शामिल होनी चाहिए। याचिका में कहा गया था कि देश में बाल विवाह की स्थिति गंभीर है और उसके खिलाफ बने कानून पर अमल नहीं करके उसकी मूल भावना से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस पर फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून तभी सफल हो सकता है जब बहुक्षेत्रीय समन्वय हो। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण की आवश्यकता है। हम एक बार फिर समुदाय आधारित दृष्टिकोण की जरूरत पर जोर देते हैं। बाल विवाह एक ऐसा अपराध है जिसने सारे देश को जकड़ रखा है और इसकी स्पष्ट व्याख्या के लिए सुप्रीम कोर्ट बधाई का पात्र है। साझा प्रयासों से बच्चों के लिए अहितकर बाल विवाह जैसी बुराइयों का पूरी तरह से खात्मा किया जा सकेगा।

अभियान के संस्थापक भुवन ऋभु ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भारत और पूरी दुनिया के लिए नजीर बताते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला सांस्थानिक संकल्प को मजबूती देने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। यह देश से बाल विवाह के समग्र उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति के मार्ग की बाधाओं को दूर करने में बहुत सहायक होगा। सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया है कि उसे बच्चों की परवाह है और अब समय आ गया है कि हम सभी आगे आएं और साथ मिलकर इस सामाजिक अपराध का खात्मा करें। ऋभु ने कहा, 'अगर हम अपने बच्चों की सुरक्षा करने में विफल हैं तो फिर जीवन में कोई भी काम मायने नहीं रखता। सुप्रीम कोर्ट ने एक समग्र दृष्टिकोण को मजबूती से अपनाने की जरूरत बताई है। बाल विवाह अपने मूल रूप में बच्चों से बलात्कार है।' 'बाल विवाह मुक्त भारत' से जुड़े संगठन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक समग्र रणनीति 'पिकेट' पर अमल कर रहे हैं, जिसमें नीति, संस्थान, संम्मिलन, ज्ञान, परिवेश, तकनीक जैसी चीजें शामिल हैं। अभियान के तहत विभिन्न धार्मिक नेताओं और समुदायों के साझा प्रयासों से इस अपराध के खात्मे के लिए 4.90 करोड़ लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ भी दिलाई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश में कहा गया है कि सरकारें जिला स्तर पर 'चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन ऑफीसर' नियुक्त करें। इसके लिए कलेक्टर और एसपी भी जवाबदेह होंगे। उनके पास उन सभी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने का अधिकार और जिम्मेदारी होगी जो बाल विवाह करवाने में मदद देते या उसे संपन्न करते हैं। अपने क्षेत्र में बाल विवाह के मामलों में जानबूझकर कर्तव्यों की उपेक्षा करने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाए।

मेले में आने वाले श्रद्धालुओं का विनम्रता से हो स्वागत: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राष्ट्रीय रामायण मेला में दीपावली मेले को शांतिपूर्ण व सफल बनाने को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। जोनल, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये।

मंगलवार को डीएम ने सभी मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों से ककहा कि मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं का सम्मानपूर्वक स्वागत करें। नियमों का पालन करवायें, ताकि लोग एक अच्छा अनुभव लेकर लौटें। परिक्रमा मार्ग व रामघाट पर खासतौर पर व्यवस्थायें दुरुस्त की गई है। वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। डीएम ने पुलिस बल को

निर्देश देते डीएम-एसपी।

हिदायत दी कि किसी भी अफवाह से सतर्क रहें। भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि परिक्रमा मार्ग में दुकानों पर गैस सिलेंडर का इस्तेमाल न हो। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को पार्किंग में लाइट व जनरेटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आतिशबाजी प्रतिबंधित रहेगी। छुट्टा पशुओं को मेला क्षेत्र से दूर रखने के लिए कदम उठाए गए हैं। डीएम ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले के बॉर्डर पर चेकपोस्ट लगाये। ट्रैक्टर-ट्रॉली से श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगाई जाये। श्रद्धालुओं को बसों का इंतजाम किया गया है। ट्रैफिक को व्यवस्थित करने की योजना बनाई गई है। मेला क्षेत्र को आठ जोन व 22 सेक्टर में बांटा गया है, ताकि किसी भी स्थिति में तुरंत नियंत्रण लिया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी ड्यूटी तभी छोड़ें, जब उनका प्रतिस्थानी वहां पहुंच जाए। एसपी अरुण कुमार सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों को धनतेरस व दीपावली की शुभकामनायें दीं। उन्होंने मेला क्षेत्र के मुख्य बिंदुओं जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रामघाट और परिक्रमा मार्ग पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि भीड़ को धीरे-धीरे नियंत्रित करें। श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी समेत जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रही।

खाद्य सुरक्षा टीम ने लिये तीन नमूने

विभिन्न खाद्य पदार्थ कराये नष्ट

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त व डीएम के आदेश पर सहायक आयुक्त सुश्री प्रियंका सिंह के निर्देश पर कर्वी तहसील क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा टीम ने तीन नमूने जांच को संग्रहित किये। काजल स्वीट्स कर्वी से 50 किग्रा बूंदी का लड्डू मूल्य 15 हजार, 20 किग्रा खोया मूल्य पांच हजार, चार किग्रा मिठाई मूल्य 13 सौ व छह किग्रा खाद्य तेल मूल्य 12 सौ खराब मिलने पर मौके पर नष्ट कराया।

मंगलवार को रत्नावली मार्ग स्थित हरिश्चन्द्र किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ सूजी का एक नमूना संग्रहीत किया गया। जलेबी वाली गली सीतापुर स्थित राकेश स्वीट्स से खाद्य पदार्थ पेडा का एक नमूना संग्रहीत किया गया। रामघाट स्थित मंगलम् बेकरी से खाद्य पदार्थ मुगदल मिठाई का एक नमूना संग्रहीत

मिठाई की दुकान जांच करती टीम।

किया गया। सहायक आयुक्त सुश्री प्रियंका सिंह ने बताया कि संग्रहित किये सभी नमूनों को जांच को खाद्य विशेषक प्रयोगशाला भेजा गया। जॉच रिपोर्ट के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जायेगी। इसी क्रम में जिले के होटल/रेस्टोरेंट बिन्दीराम, श्रीजी होटल का निरीक्षण किया। मौके पर मिली कमियों को सही करने को नोटिस दी गई। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, विनय कुमार, प्रमोद कुमार सोनकर मौजूद रहे।

डॉग स्क्वॉयड टीम ने की सघन जांच

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के की देखरेख में निरीक्षक एलआइञ्यू नागेन्द्र भूषण पाठक की अगुवाई में एस चेक टीम, डॉग स्क्वॉयड व एलआइञ्यू की संयुक्त टीम ने सुरक्षा सतर्कता के मद्देनजर कर्वी शहर के बस स्टैंड पर विभिन्न बसों, मॉल बाजार, काली देवी चैराहा के विभिन्न दुकानों, रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन जांच की।

दीपावली महोत्सव का आगाज

लाखों श्रद्धालुओं को सजी श्रीराम की तपोभूमि

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। चित्रकूटधाम तीर्थ परिषद के आयोजित तीन दिवसीय दीपावली महोत्सव-2024 का भव्य शुभारंभ राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में हुआ। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने संतों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। इस महोत्सव में बुंदेलखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों से आए सैकड़ों कलाकार लोक-विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे।मंगलवार को चित्रकूटधाम रेलवे स्टेशन से रामघाट व परिक्रमा मार्ग तक 20 किमी के क्षेत्र में दीपों से सजी इस तपोभूमि पर भव्य सजावट, विशाल तोरण द्वार व एलईडी स्क्रीन पर श्रीराम और माता सीता की झांकियां लगाई गई हैं। संतों का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ये महोत्सव श्रद्धालुओं को धार्मिक-सांस्कृतिक अनुभव देने का अनूठा प्रयास हैं। आशा है कि इस आयोजन की गूंज चित्रकूट से पूरे देश में पहुंचेगी।

धनतेरस पर खूब हुई खरीद्दारी

गरीब व मध्यवर्गीय लोग चम्मच खरीदने तक सीमित रहे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दीपावली पर्व कह पूर्व धनतेरस पर बाजार में महंगाई के बाद भी लोगो ने जमकर खरीद्दारी की। बाजार में खासी रद्दनक देखने को मिली। सोने-चांदी कह भाव पिछले साल की अपेक्षा ज्यादा होने पर भी लोगो ने खरीद्दारी की। बाइक, इलेक्ट्रानिक व बर्तनों की खरीद्दारी सम्पन्न तबकह ने किया। रामघाट में लाखों श्रद्धालुओं ने दीपदान कर धनतेरस मनाया। आयुर्वेद धन्वंतरी भगवान की पूजा-अर्चना की गई।

मंगलवार को धनतेरस पर्व पर बाजार में खासी भीड़ व

बर्तनों की खरीद्दारी करते लोग।

रद्दनक देखने को मिली। बर्तन से लेकर जेवरात की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शाम को दुकानों में भारी भीड़ देखी गई। महिलाओ ने बर्तन की जमकर खरीददारी की। महंगाई कह कारण गरीब तबकह कह लोगों ने महज चम्मच खरीदकर शगुन मनाया। टीवी, फ्रिज, कूलर, वाशिंग मशीन समेत बाइक की भी खूब बिक्री हुई। जेवरात की दुकानों में रात को चहल-पहल रही। महंगाई कह चलते इन दुकानों में अभिजात्य वर्ग कह लोागो की भीड़ देखने को मिली। मध्य वर्गीय एवं गरीब तबक के लोगों का इन दुकानों में घुसने का साहस नहीं हुआ, लेकिन सहालगी सीजन होने कह चलते पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष सोने कह भाव स्थिर होने के बाद भी लोगों ने खूब खरीद्दारी की। धनतेरस पर सुदूर क्षेत्रों से आये लाखो श्रद्धालुओं ने रामघाट स्थित मन्दाकिनी में दीपदान कर चार दिवसीय मेले की शुरूआत कर दी। गुलाबी ठण्ड कह बावजूद देर रात तक श्रद्धालु रामघाट कह सुहाने दृश्य को निहारने में जुटे रहह। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग प्रवास करने आ गये हैं। रेलवे स्टेशन व बस स्टैण्ड पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिख रही है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ करती अर्चना श्रीवास्तव।

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में राष्ट्रीय एकता दिवस सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती मनाई गयी। इस मौके पर श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव सदस्य किशोर न्याय बोर्ड ने पटेल की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण कर शपथ ली। पटेल का जीवन परिचय, अध्यात्मिक परिचय, भारतीय दर्शन में पटेल का महत्व के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर संस्था प्रभारी वीर सिंह, परामर्शदाता दीपक शर्मा, परामर्शदाता, सहायक अध्यापक राजीव कुमार सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, देवेन्द्र कुमार, केयर टेकर तथा संस्था में आवासित किशोर व संस्था के लोग मौजूद रहे।

गैंगेस्टर एक्ट आरोपी को चार साल की जेल, पांच हजार जुर्माना

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय व पैरोकार धनेश मिश्रा की पैरवी से न्यायालय ने गैंगेस्टर के आरोपी को चार वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। मंगलवार को शासकीय अधिवक्ता श्रीमती संगीता सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायधीश/एफटूसी न्यू नीरज कुमार श्रीवास्तव ने मऊ थाने में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट आरोपी मामा उर्फ राजबहादुर पुत्र महिपाल हटवा मऊ को चार वर्ष की सजा व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 13 अगस्त 2012 को तत्कालीन थानाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने मामा उर्फ राजबहादुर पुत्र महिपाल के खिलाफ थाना मऊ में गैंगेस्टर एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। मामले की विवेचना तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राजाराम द्विवेदी ने की। विवेचक ने 28 जुलाई 2014 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

दावे-आपत्तियों को तिथियां घोषित

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट व 237 मानिकपुर में एक जनवरी 2025 को जिले में नियत कार्यक्रम के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन मंगलवार को सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों व पदाभिहित स्थलों मतदान केंद्रों में कर दिया गया है। जिला स्तर पर मतदाता पंजीकरण मेला कार्यक्रम का शुभारंभ सदर तहसील कर्वी में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने किया है।

मंगलवार को उप जिलाधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीएलओ ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित दावे व आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर के बीच चार विशेष अभियान तिथियों 9 नवंबर, 10 नवंबर, 23 नवंबर व 24 नवंबर को आयोग ने निर्धारित की है। अपील किया कि अभियान की तिथियों में अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण कर सकते हैं। किसी भी सम्मिलित नाम के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो प्रारूप 7 पर आवेदन दिए जा सकते हैं। किसी मतदाता के नाम में संबंधित किसी प्रविष्टि में कोई त्रुटि हो तो उसे शुद्ध करने या स्थान परिवर्तन को प्रारूप 8 में आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

फुटकर आबकारी दुकानों की हुई जांच

चित्रकूट। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर आगामी त्योहारों के मद्देनजर विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आबकारी क्षेत्र तीन मानिकपुर की टीम ने फुटकर आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया। इसके अलावा क्षेत्र-4 राजापुर की टीम ने आबकारी की फुटकर दुकानों का निरीक्षण किया। दुकाने नियमानुसार संचालित मिली। कर्वी-प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित ढाबों की जांच की गई। जहां अवैध मदिरा की बिक्री न करने व न पिलाये जाने को निर्देश दिये। साथ ही कर्वी-प्रयागराज राजमार्ग पर वाहनों की चेकिंग की गयी। इस मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

सरकारी कर्मचारी को बस में आया हार्ट अटैक, मृत्यु

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के शिवरामपुर के पास एक सरकारी रोडवेज बस में यात्रा कर रहे एक सरकारी कर्मचारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा।

मृतक संजय कुमार कौशांबी जिले के बसवार गांव के निवासी थे। प्रयागराज में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण में कार्यरत थे। सोमवार को वे किसी सरकारी काम से बांदा जा रहे थे। शिवरामपुर के पास अचानक उन्हें

मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

बस में हार्ट अटैक आया। बस ड्राइवर ने उन्हें शिवरामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, लेकिन इलाज दौरान उनकी मौत हो गई। कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रास्ते में अचानक संजय कुमार के सीने में दर्द हुआ। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। पुलिस ने संजय के मोबाइल फोन से उनके परिजनों को घटना की सूचना दी है।

नर्स से सामूहिक दुष्कर्म पर भीम आर्मी का उग्र प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। बरगढ़ क्षेत्र में एक नर्स के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। संदिग्ध परिस्थितियों में नर्स का अपहरण कर आरोपियों ने उसके हाथ-आंख बांधकर व मुंह में कपड़ा ठूंसकर रेलवे ट्रैक पर छोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है।

मंगलवार को भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। भीम आर्मी ने चेतावनी दी कि पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि दलित समुदाय के खिलाफ ऐसी घटनाओं में प्रशासन क्यों मौन है। विरोध में भीम आर्मी जिला संयोजक संजय कुमार गौतम, आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कुमार सिद्धार्थ समेत अन्य प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। उन्होंने प्रशासन को सख्त कार्रवाई के लिए अल्टीमेटम देते हुए कहा कि इस मामले में न्याय नहीं मिला तो चक्का जाम और व्यापक विरोध-प्रदर्शन किये जायेंगे। लोग मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

बाइक-बोलेरो में भिड़ंत: युवक की मौत, सरहज घायल

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। बरगढ़ थाना क्षेत्र में शिबू मिश्रा (30) पुत्र सुभाष मिश्रा छिड़ी शंकरगढ़ प्रयागराज अपनी सरहाज ध्रबी शुक्ला पत्नी शशिकांत शुक्ला गाहुर बरगढ़ के साथ गाहुर गांव से मोटरबाइक से इलाज को प्रयागराज जा रहे थे। रास्ते में सुचिता कालोनी के पास बोलेरो से टकरा गये। शिबू मिश्रा को ग्रामीणों की मदद से सीएससी मऊ लाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ध्रबी शुक्ला को चोट आई हैं। ध्रुबी को प्रयागराज रेफर किया गया है। मौके पर पूर्व प्रधान साकेत बिहारी शुक्ला ने बताया कि शिबू मिश्रा की यहां ससुराल थी। अपनी सरहज को लेकर इलाज को बाइक से प्रयागराज जा रहा

हादसे में क्षतिग्रस्त बोलेरो।

था। रास्ते पर बोलेरो से टकरा गये। इससे उसकी मौत हो गई। सरहज का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। मृतक के चार बच्चे है। बरगढ़ थाना प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा गया है।

सडक सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

चित्रकूट। धनुष चैराहे में गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने लोगों को सड़क सुरक्षा नियम के तहत जागरूक किया। मंगलवार को भारत सरकार युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय उत्तर प्रदेश के तहत गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दिवाली में भारत वाली के बैनर तले सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा स्लोगन के साथ लोगों को सड़क सुरक्षा नियम को लेकर जागरूक किया। अपील किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग सड़क सुरक्षा नियम का पालन करें। बच्चों को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा स्लोगन के साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

डीएम-एसपी ने पैदल गश्त कर जांची सुरक्षा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने दीपावली अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने को रामघाट, निमीही अखाड़ा का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

मंगलवार को डीएम-एसपी ने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात बनाये रखने को साफ सफाई, वाहनों के स्टैण्ड तथा रामघाट पर घाटों की सफाई, स्नान करने वाले

पैदल गश्त करते डीएम-एसपी।

श्रद्धालुओं को स्नान कर पूजा अर्चना करने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े निमीही अखाड़ा के बगल में बने नाले की सफाई तथा पास में बैरकेडिंग जिससे मेला में क्षेत्र में आने वाले दर्शनाथिय्रों को गिरने से बचाया जा सके। मेला क्षेत्र में अत्यधिक भीड़ भाड़ होने के कारण टैम्पो स्टैण्ड एवं बस स्टैण्ड आदि चार पहिया वाहनों के खड़े करने को स्टैण्डों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला फोन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के भरतकूप थाना क्षेत्र में सोमवार शाम को एक दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें एक 22 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान राजा बाबू के रूप में हुई है। जो चंडोर गांव का रहने वाला था। बताया गया कि राजा बाबू अपने पिता के कहने पर सामान लेने अतर्री

मर्चरी में रोते-बिलखते परिजन।

गया था। देर शाम वह चित्रकूट की ओर चला गया। वहां ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। परिवार के लोगों ने राजा बाबू को फोन किया तो फोन राहगीरों ने उठाया। बताया कि वह ट्रेन ट्रैक पर पड़ा है। इस पर परिवार ने थाना प्रभारी को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजा बाबू अपने परिवार में सबसे छोटा था। उसके पिता खेती करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इस हादसे के बाद परिवार में गहरा शोक छा गया है।

चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग के ड्रीम प्रॉजेक्ट को बहुत बड़ा झटका

ब्रासीलियाः चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ड्रीम प्रॉजेक्ट बेल्ट एंड रोड को बड़ा झटका लगा है। ब्राजील ने ऐलान किया है कि वह बीआरआई में शामिल नहीं होगा। इससे पहले चीन ने योजना बनाई थी कि नवंबर में शी जिनपिंग की ब्राजील यात्रा के दौरान बीआरआई को इस लैटिन अमेरिकी देश में व्यापक तरीके से विस्तार करने पर फोकस किया जाएगा। इससे पहले अमेरिका ने ब्राजील को आगाह किया था कि वह चीन के कर्ज का जाल कहे जाने वाले बीआरआई के खतरे की समीक्षा करे। इस पर चीन आगबबूला हो गया था। ब्राजील के अलावा भारत ने भी बीआरआई से किनारा कर रखा है। वहीं इटली भी इससे निकल गया है। भारत और ब्राजील दोनों ही ब्रिक्स के संस्थापक सदस्य हैं और आपस में गहरे दोस्त हैं। हाल ही में रूस में ब्रिक्स देशों के नेता इकट्ठा हुए थे और मुलाकात की थी।

साऊथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के



मुताबिक ब्राजील ने फैसला किया है कि वह बीआरआई में शामिल होने की बजाय वैकल्पिक तरीके से चीनी निवेशकों के साथ सहयोग करेगी। ब्राजील सरकार के एक शीर्ष सलाहकार ने सोमवार को इसका ऐलान किया। ब्राजील के राष्ट्रपति के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेष सलाहकार सेल्सो अमोरिम ने स्थानीय मीडिया से बातचीत में कहा कि ब्राजील के साथ रिश्तों को नए स्तर पर ले जाया जाए लेकिन हम बीआरआई को आगे बढ़ाने पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे।

चीन के प्लान को बड़ा झटका

अमोरिम ने कहा कि हम इस संधि में शामिल नहीं होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन के आधारभूत ढांचे और व्यापार प्रॉजेक्ट को बीमा पॉलिसी के रूप में नहीं लेना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बीआरआई के कुछ फ्रेमवर्क को ब्राजील के आधारभूत ढांचा प्रॉजेक्ट से जोड़ा जाए लेकिन इसके लिए हमें आधिकारिक रूप से बीआरआई पर साइन नहीं करना पड़े। अमोरिम ने कहा कि चीनी इसे बीआरआई बुलाते हैं और वे इसे जो चाहे नाम दे सकते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि इसमें परियोजनाएं हैं और ब्राजील ने अपनी प्राथमिकता को निर्धारित कर दिया है। इसे चीन या तो स्वीकार कर सकता है या फिर नहीं कर सकता है।

ब्राजील का यह फैसला चीन की योजना के ठीक उलट है। चीन चाहता था कि 20 नवंबर से शुरू हो रही चीनी राष्ट्रपति की ब्राजील यात्रा के दौरान बीआरआई को और व्यापक तरीके से आगे बढ़ाया जाए।

भारत ने रोकी ब्रिक्स में एंट्री तो रूस के आगे फिर गिड़गिड़ाया पाकिस्तान

इस्लामाबादः पाकिस्तान ने ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए एक बार फिर रूस के सामने गुहार लगाई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति कार्यालय ने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और रूसी संघ परिषद की अध्यक्ष वेलेंटिनी मतविएंको के साथ मुलाकात के बाद जारी बयान में इसकी जानकारी दी है। इसके पहले पाकिस्तान ने रूस के कजान में हुई ब्रिक्स शिखर सम्मलेन की बैठक में भी समूह का सदस्य बनने की उम्मीद जताई थी, लेकिन भारत के विरोध के बाद पाकिस्तान को एंट्री नहीं मिली। यही नहीं, पाकिस्तान को डायलॉग पार्टनर भी नहीं बनाया गया। अब एक बार फिर पाकिस्तान रूस के सामने गिड़गिड़ाया है।

पाकिस्तानी राष्ट्रपति कार्यालय ने जारी बयान में कहा गया है कि 'जरदारी ने ब्रिक्स की सदस्यता के लिए मॉस्को से समर्थन मांगा है। इससे पाकिस्तान को गठबंधन के माध्यम से क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग में अपनी भूमिका बढ़ाने में मदद मिलेगी।' बयान में आगे कहा गया कि दोनों पक्षों ने दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए व्यापार, वाणिज्य, निवेश, कृषि और ऊर्जा के क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने का संकल्प भी व्यक्त किया।

ब्रिक्स बैठक में पाकिस्तान को न्योता नहीं

पाकिस्तान ने पिछले साल नवंबर में ब्रिक्स की सदस्यता के लिए आवेदन किया था। हालांकि, उसे इसी महीने रूस के कजान में आयोजित ब्रिक्स बैठक में न्योता तक नहीं मिला था। हाल ही में मीडिया ब्रीफिंग में पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने निमंत्रण न मिलने की पुष्टि की थी।

बलूच ने कहा, 'पाकिस्तान ब्रिक्स का सदस्य नहीं है। विकासशील देश और समावेशी बहुपक्षवाद के प्रबल समर्थक के रूप में पाकिस्तान का मानना है कि वह इस समह में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।' उन्होंने आगे कहा कि ब्रिक्स में शामिल होकर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सहयोगी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

क्या है ब्रिक्स?

इफ्क्लर की स्थापना ब्राजील, रूस, भारत, चीन ने मिलकर किया था। आगे चलकर इसमें दक्षिण अफ्रीका को भी शामिल किया गया। इन्हीं देशों के नाम पर समूह को ब्रिक्स नाम दिया गया है।

अमेरिकी चुनाव की स्थिति सर्वे से साफ नहीं हो रही, एक्सपर्ट बोले- 24 साल का सबसे नजदीकी इलेक्शन

वॉशिंगटनः अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान होना है। ऐसे में इस समय अमेरिका पूरी तरह चुनावी मोड में है। चुनाव से ठीक पहले लगातार सर्वे भी जारी हो रहे हैं लेकिन ये तमाम सर्वेक्षण स्पष्ट तौर पर किसी की बढ़त को बताने में नाकाम हो रहे हैं। अभी तक आए सर्वेक्षणों में कुछ में कमला हैरिस तो कुछ में जो बाइडन को आगे दिखाया गया है। हालांकि ये बढ़त बहुत ज्यादा नहीं रही है। ऐसे में चुनावी विशेषज्ञ इस चुनाव पर किसी नतीजे तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते हफ्ते शुक्रवार को जारी नए नेशनल सर्वे से अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में नजदीकी मुकाबला दिखाया गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स और सिएना कॉलेज के सर्वे से पता चलता है कि हैरिस और ट्रंप दोनों 48 प्रतिशत पर हैं। सीएनएन सर्वे में भी दोनों 47 फीसदी पर हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल के सर्वे में ट्रंप को 47 जबकि हैरिस 45 फीसदी पर हैं। इससे साफ है कि मुकाबला बेहद करीबी बना हुआ है।

जार्जिया संसदीय चुनाव नतीजों पर बवाल, रूस ने 'हस्तक्षेप करने' के आरोप किए खारिज

मास्को। रूस ने सोमवार को जॉर्जिया में संसदीय चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों को 'निराधार' बताया। वहीं दूसरी तरफ उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) ने कथित 'चुनाव संबंधी उल्लंघनों' की जांच की अपील की।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा, "हम इस तरह के आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हैं। ये कई देशों के लिए मानक बन गया है कि छोटी सी बात पर वे तुरंत रूस पर हस्तक्षेप का आरोप लगा देते हैं। नहीं, यह सच नहीं है, कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ था और आरोप पूरी तरह से निराधार हैं।"

जॉर्जिया में शनिवार को हुए संसदीय चुनावों में 18 पार्टियों ने हिस्सा लिया, जिसमें सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम भी शामिल है, जिसे 52.99 प्रतिशत वोट मिले।

यह पहली बार था कि देश में चुनाव पूरी तरह से आनुपातिक प्रणाली के तहत आयोजित किए गए, जिसमें लगभग 90 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल किया।

जॉर्जियाई राष्ट्रपति सलोमी जौराबिचविली ने चुनाव परिणाम को खारिज कर दिया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अवैध सरकार की जगह लोगों के साथ खड़े होकर देश की रक्षा करने अपील की।

जौराबिचविली ने एक्स पर लिखा, "ये चुनाव अवैध हैं.' उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को 'एक रूसी विशेष अभियान' और 'हाइब्रिड युद्ध का एक नया रूप' बताया।

इस बीच अमेरिका और यूरोपीय संघ के बाद, नाटो ने भी सोमवार को जांच की मांग

करते हुए कहा कि इंटरनेशनल ऑब्जर्वेशन मिशन ने पाया है कि चुनाव असमान परिस्थितियों में हुए, जिससे नतीजों पर जनता का भरोसा कम होता है।

नाटो प्रवक्ता फराह दखलल्लाह ने कहा, "चुनाव संबंधी उल्लंघनों की रिपोर्ट की पूरी तरह से जांच होनी चाहिए।"

केंद्रीय चुनाव आयोग के शुरूआती नतीजों से संकेत मिलता है कि सत्तारूढ़ जॉर्जियाई ड्रीम पार्टी 52.99 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ आगे चल रही है।

केंद्रीय चुनाव आयोग के अध्यक्ष जियोर्जी कलंदरिशविली ने कहा कि शुरूआती आंकड़ों के आधार पर, जॉर्जियाई ड्रीम को 935,004 वोट मिले।

विपक्षी दलों में, गठबंधन फॉर चेंज को 11.2 प्रतिशत वोट मिले, उसके बाद यूनाइटेड नेशनल मूवमेंट को 9.8 प्रतिशत, स्ट्रॉन्ग जॉर्जिया को 9.0 प्रतिशत और गखारिया फॉर जॉर्जिया को 8.2 प्रतिशत वोट मिले। यह चुनाव देश के लिए बेहद अहमियत रखता है। इसके नतीजे तय करेंगे कि कोकेशियान राष्ट्र यूरोपीय संघ की सदस्यता के करीब पहुंचता है या मॉस्को की ओर मुड़ता है।

100 दिन पूरे कर रही ओली सरकार, चीन की यात्रा करने वाले हैं नेपाली पीएम

नेपाल

प्रस्तावित यात्रा जुलाई के मध्य में पदभार ग्रहण करने के बाद ओली की निकटतम पड़ोसी की पहली यात्रा होगी, जो नेपाल के प्रधान मंत्री के रूप में उनका चौथा कार्यकाल है।

नेपाली प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली नवंबर के मध्य और दिसंबर के मध्य के बीच चीन की आधिकारिक यात्रा करने की योजना बना रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय में एक उच्च स्तरीय स्रोत का हवाला देते हुए, माई रिपब्लिका अखबार ने बताया कि विदेश मंत्रालय ओली की प्रस्तावित चीन यात्रा की तैयारी कर रहा है क्योंकि सरकार कार्यालय में अपने पहले 100 दिन पूरे कर रही है। ताजा घटनाक्रम को नेपाल के भूराजनीतिक बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। टिप्पणी के लिए विदेश मंत्रालय से संपर्क करने की कोशिश की गई तो प्रवक्ता उपलब्ध नहीं थे। हालांकि, विदेश मंत्रालय के एक उच्च स्तरीय सूत्र ने कहा कि न तो भारत और न ही चीन ने अब तक प्रधानमंत्री को आधिकारिक यात्रा के लिए निमंत्रण सौंपा है।

प्रस्तावित यात्रा जुलाई के मध्य में पदभार ग्रहण करने के बाद ओली

की निकटतम पड़ोसी की पहली यात्रा होगी, जो नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में उनका चौथा कार्यकाल है। ओली ने पिछले महीने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की थी। मुलाकात के दौरान ओली ने पीएम मोदी को नेपाल आने का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री ओली संभवतः नवंबर के भीतर चीन का दौरा करेंगे, हालांकि तारीखों को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। यात्रा को सार्थक और उत्पादक बनाने के लिए तैयारी चल रही है।

ओली ने 'वन चाइना' नीति के प्रति हिमालयी राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा था कि देश में किसी भी चीन विरोधी गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ओली ने यह टिप्पणी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य चेन जीनिंग के नेतृत्व वाले उच्च स्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में की। यह बैठक काठमांडू के बलुवतार स्थित उनके आधिकारिक आवास पर हुई।

ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे... नेतन्याहू ने खाई कसम, क्या नए हमले की तैयारी में इजरायल?



यरुशलमः इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार 29 अक्तूबर को कहा कि उनका देश ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। नेसेट (इजरायली संसद) के शीत्रकालीन सत्र में बोलते हुए नेतन्याहू ने कहा, 'ईरानी परमाणु कार्यक्रम को रोकना हमारे दिमाग में सबसे आगे है। मैं इस संबंध में हमारी सभी योजनाएं और कामों को आपके साथ साझा नहीं कर सकता है।' नेतन्याहू ने इजरायल की दीर्घकालिक रणनीति में ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना भी बताया।

नेतन्याहू ने कहा, 'हमारी दीर्घकालिक रणनीति में बुराई की धुरी को खत्म करना, दक्षिण और उत्तर में उसके हाथ काटना, ईरान और उसके सहयोगियों से भारी कीमत वसूलना और ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना है। मुझे उम्मीद है कि यह निकट भविष्य में हासिल की जाएगी।' उन्होंने कहा कि ईरान इजरायल को नष्ट करने के उद्देश्य से परमाणु बमों का 'भंडार' विकसित करने की कोशिश कर रहा है।

हार नहीं मानी- नेतन्याहू

इजरायली प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने हार नहीं मानी है और हम इस केंद्रीय लक्ष्य को हासिल करने से पीछे नहीं हटेंगे।' नेतन्याहू पर ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमला करने का दबाव था। इजरायली हमले में ईरान की परमाणु सुविधाओं को निशाना न बनाए जाने को कई नेताओं ने कमजोर कदम बताया था और इसे मौका गंवाना कहा है। नेतन्याहू के आलोचकों ने उन पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने और इजरायल की रणनीतिक जरूरतों को ध्यान में न रखने का आरोप लगाया है।

हर खतरे तक पहुंचेगा हमारा हाथ

नेतन्याहू ने कहा, 'हम अपने अमेरिकी मित्रों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखते हैं, लेकिन हमारी सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय हम अपने हितों और विचारों के अनुसार खुद लेते हैं। इसमें लक्ष्यों और उद्देश्यों का चयन भी शामिल है।' ईरान पर हमले को सफल बताते हुए उन्होंने कहा कि 'हमने यह साबित कर दिया है ।

गाजा के अस्पताल में छापेमारी के दौरान हमास के 100 ऑपरेटिव को हिरासत में लियाः आईडीएफ

तेल अवीव। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार को उत्तरी गाजा के एक अस्पताल पर छापा मारा और कथित तौर पर अंदर छिपे लगभग 100 हमास ऑपरेटिव को हिरासत में लिया। आईडीएफ के अनुसार, अस्पताल खाली कराने के दौरान करीब 40 ऑपरेटिव को हिरासत में लिया

गया, जिसके बाद नौसेना की एलीट 'शायेटेट 13' कमांडो यूनिट ने छापा मारा। इसके बाद दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया गया। आईडीएफ ने कहा, "सैनिकों ने जबालिया में कमाल अदवान अस्पताल में हमास के 'आतंकी गढ़' के खिलाफ सटीक अभियान चलाया और नागरिकों को नुकसान नहीं पहुंचने दिया।" बयान के अनुसार, तलाशी लेने से पहले सैनिकों ने नागरिकों को अस्पताल से बाहर जाने दिया।

आईडीएफ ने 'शायेटेट 13' कमांडो के बॉडी कैमरों से वीडियो फुटेज भी जारी की, जिसमें अस्पताल और हिरासत में लिए गए लोगों के स्कैन दिखाए गए। आईडीएफ के मुताबिक हिरासत में लिए गए लोगों में 7 अक्टूबर के हमले के संदिग्ध शामिल हैं, जिन्होंने कथित तौर पर अस्पताल में शरण ली थी।

बयान में कहा गया, "सैनिकों ने परिसर से लगभग 100 ऑपरेटिव को पकड़ा, जिनमें वे भी शामिल थे जिन्होंने नागरिकों को निकालने के दौरान भागने की कोशिश की। अस्पताल के अंदर और आस-पास के क्षेत्र में उन्हें हथियार, आतंकी फंड और खुफिया दस्तावेज मिले।" आईडीएफ ने आरोप लगाया कि हमास ने गाजा में अस्पतालों का इस्तेमाल बंधकों को रखने, हमलों को अंजाम देने और हथियार और विस्फोटकों को इक्ट्ठा करने सहित अन्य कामों के लिए बार-बार किया है। सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार व्यक्तियों को आगे की पूछताछ के लिए अपने साथ ले लिया। आईडीएफ ने इस बात पर जोर दिया कि वह अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार हमास के खिलाफ अपने अभियान जारी रखेगा, तथा नागरिकों को नुकसान से बचाने का प्रयास करेगा।

भारत के लिए मॉस्को संग रिश्ते सुलझाना जरूरी...

मॉस्कोः भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा है कि दोनों देशों के रिश्ते बहुत पुराने हैं और संबंधों को बेहतर करने पर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया है कि भारत और रूस वित्तीय बाधाओं के बावजूद द्विपक्षीय भुगतान को अधिक व्यवहार्य बनाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। दोनों देश आने वाले समय में अपनी करेंसी यानी रूबल और रुपए में व्यापार करने की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि भारत को अमेरिका के दबाव में ना आते हुए रूस के साथ अपने रिश्ते बेहतर करने की जरूरत है।

बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक अलीपोव ने सोमवार को कहा, 'भारत और रूस रूबल-रुपए डायरेक्ट ट्रेड सिस्टम (सीधा व्यापार तंत्र) पर विचार कर रहे हैं। फिलहाल रुपए और रूबल का सीधा लेनदेन नहीं होता है तो इसमें समस्या एक्सचेंज रेट की नहीं है। इसमें बड़ी चुनौती भारतीय बैंकों की रूस के साथ लेनदेन को लेकर अति-सतर्कता है। इसकी वजह कहीं ना कहीं अमेरिका का दबाव है। अमेरिका की भारत और रूस के बीच लेनदेन पर लगातार नजर है।

वेस्ट बैंक के शिविरों के लिए आवंटित की 25 मिलियन डॉलर की सहायता : यूएनआरडब्ल्यूए

रामल्ला। इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को एक साल से अधिक समय हो गया है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने वेस्ट बैंक में मौजूद शिविरों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी ने उत्तरी पश्चिम बैंक शिविरों के लिए 25 मिलियन डॉलर की आपातकालीन सहायता राशि आवंटित की है।

फिलिस्तीन लिबरेशन आर्गनाइजेशन की कार्यकारी समिति के सदस्य और शरणार्थी मामलों के विभाग के प्रमुख अहमद अबू होली ने एक बयान में कहा कि इन शिविरों का पुनर्निर्माण और पुनर्वास किया जाएगा। इसके अलावा शिविरों में रह रहे लोगों को

किराये की सब्सिडी और आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी।

अबू होली के अनुसार, इसमें स्वच्छता बुनियादी ढांचे का पुनर्वास और आपातकालीन खाद्य वाउचर प्रदान करना भी शामिल है, जो उनके विभाग और शिविर सेवा समितियों के साथ समन्वय में किया जा रहा है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त के आखिर में उत्तरी पश्चिम बैंक में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाने के बाद यह सहायता आवंटित की गई थी, जिसमें कहा गया था कि अभियान का उद्देश्य वांछित व्यक्तियों को गिरफ्तार करना और इजरायल के खिलाफ भविष्य के हमलों को रोकना है।

उल्लेखनीय है कि 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले किए थे। इसके बाद इजरायल की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई। इजरायली सेना ने गाजा में बड़े पैमाने पर हमले किए हैं, जिसमें पूरा क्षेत्र बर्बाद हो गया है ।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।